Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel:** +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 21, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled "**Risk Factors**" on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

खबर संक्षेप

आज पीएम मोदी से करेंगे भेंट पोलैंड पीएम



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। वे 23 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि उनके साथ पोलैंड के वित्त मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की तथा व्यापार जगत के प्रतिनिधि भी आएगें। पोलैंड के पीएम गुरुवार को हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत और पोलैंड के संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

दशकों से आंतरिक सुरक्षा के 3 हॉटस्पॉट वर्तमान में शांति और विकास की राह पर

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने 'फाइट अगेन्स्ट ड्रग्स' के संदेश पर आयोजित एक देशव्यापी मोटरसाइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में देश ने कई चुनौतियों का सामना किया है। इनमें तीन ऐसी बड़ी समस्याएं शामिल थीं, जिन्हें हमने दशकों तक झेला और जो हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील इलाके माने जाते थेः कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित पूरा क्षेत्र।

पिनराई विजयन को मिली सुप्रीम राहत

नई दिल्ली। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और



उनके परिवार से जुड़े कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जांच पर एक हफ्ते के लिए रोक लगा दी है। इस फैसले का सीपीआई (एम) ने स्वागत किया है। पार्टी के राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से कानून के शासन को मजबूती मिली है। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि अदालत ने एफआईआर रद्द नहीं की है, इसलिए राज्य सरकार की कार्रवाई सही थी। सीपीआई (एम) के राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला पार्टी के लिए राहत देने वाला है।

प्रतिबंधित जंतर-मंतर पर झंडा फहराने के बाद लिए गए थे हिरासत में

सौरव और रांका आखिरकार जेल से रिहा, 8 दिन बाद मिली जमानत

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका को जमानत मिल गई है। दिल्ली पुलिस ने दोनों की हिरासत तीन दिन बढ़ाने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। वे 8 दिनों से न्यायिक हिरासत में थे। प्रतिबंधित जंतर-मंतर में झंडा फहराने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका की मौजूदा न्यायिक हिरासत बुधवार को ही खत्म हुई है। इसी सिलसिले में दोनों को सुनवाई के लिए स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) कोर्ट में पेश किया गया था। दास और रांका बीते दिनों न्यायिक हिरासत बढ़ाए जाने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट भी पहुंचे थे। उनकी याचिकाओं पर आज कोर्ट में सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने दोनों सीजेपी कार्यकर्ताओं को फटकार लगाई थी और कहा था कि मजिस्ट्रेट कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद आप दिल्ली हाईकोर्ट क्यों आए। कोर्ट की सुनवाई के बाद दोनों कार्यकर्ताओं ने अपनी याचिका वापस ले ली थी। आदेश में कहा गया है कि उनकी निजी मुचलके पर रिहाई की शर्त स्वीकार कर ली गई है। उन्हें तिहाड़ जेल से रिहा किया जा सकता है, बशर्ते किसी दूसरे मामले में उनकी हिरासत जरूरी न हो।

विवादित एसआईआर रद्द करने व सीजेआई ज्ञानेश के इस्तीफे की है मांग



हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने बार-बार सवाल उठाया कि जब कानून में अपील और दूसरे वैकल्पिक उपाय मौजूद हैं, तो याचिकाकर्ता सीधे संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अदालत क्यों आए हैं। कोर्ट ने बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन, जमानतदारों को खारिज करने और मजिस्ट्रेट के अधिकारों से जुड़े कानूनी पहलुओं पर भी सवाल किए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों से उनकी उम्र पूछी। जब उनके वकील ने बताया कि सौरव दास की उम्र 27 साल और आशुतोष रांका की उम्र 31 साल है तो कोर्ट ने साफ कहा कि वे जेन जेड नहीं हैं। कोर्ट ने यह भी सवाल किया कि किस उम्र के लोग मिलेनियल्स कहलाते हैं? कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन में बच्चे भी शामिल थे। लेकिन अब मामला कुछ और हो गया है। कोर्ट की ओर से कहा गया कि लोग वहीं हैं लेकिन मुद्दा बदल गया है।

दास-रांका पर लगी धाराएं

गौरतलब है, दोनों के खिलाफ कनॉट प्लेस थाने में दर्ज एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223**A**, 332 और 61(2) लगाई गई हैं। ये धाराएं सरकारी आदेश का पालन नहीं करने, अपराध करने के इरादे से घर या परिसर में घुसने और आपराधिक साजिश से जुड़ी हैं। वहीं, संसद मार्ग थाने में दर्ज दूसरी एफआईआर में धारा 221, 115(2), 132, 121(1) और 3(5) लगाई गई हैं। ये धाराएं सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने, चोट पहुंचाने, इयूटी से रोकने के लिए हमला या बल प्रयोग करने और साझा मंशा से जुड़े मामलों में लागू होती हैं।

जमानत के लिए क्या शर्तें रखीं?

50-50 हजार रुपये का निजी मुचलका: *दोनों नेताओं ने 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके की शर्त पूरी की। साथ ही, जमानतदार भी पेश किए। निजी मुचलका कोर्ट को दिया गया भरोसा होता है, यह रकम नकद जमा कराने के बराबर नहीं है।*

शांति बनाए रखने का आश्वासन: *दोनों ने लिखित आश्वासन दिया कि वे शांति भंग नहीं करेंगे और कानून-व्यवस्था बनाए रखेंगे।*

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन नहीं बुलाएंगे: *दोनों ने भरोसा दिया कि जब तक जंतर-मंतर को कानूनी रूप से दोबारा प्रदर्शन स्थल घोषित नहीं किया जाता, वे वहां प्रदर्शन के लिए लोगों को नहीं बुलाएंगे।*

संविधान के दायरे में प्रदर्शन: *भविष्य में कोई भी प्रदर्शन संविधान के दायरे में करने का आश्वासन दिया।*

हर सुनवाई पर पेश होना होगा: *दोनों नेताओं को मामले की हर सुनवाई की तारीख पर कोर्ट में उपस्थित रहना होगा।*

जमानतदारों की जांच: *पुलिस को अगली सुनवाई पर जमानतदारों की जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश करनी होगी।*

अब तक 10 आरोपी सामने आए

टाइगर पर फायरिंग कोई लाया हथियार किसी ने की थी रेकी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर की गई गोलीबारी के मामले की जांच में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। इस केस में अब तक कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी सामने आई है। जांच में तीन आरोपियों को कथित तौर पर फायरिंग करने वाला बताया गया है, जबकि चार अन्य पर हथियारों की व्यवस्था करने में मदद करने का आरोप है। पुलिस आरोपियों के आपसी संपर्क, उनकी गतिविधियों और फायरिंग की साजिश से जुड़े पहलुओं की पड़ताल कर रही है। इस मामले में सोनीपत, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जुड़े कई लोगों के नाम सामने आए हैं। जांच से जुड़ी जानकारी के मुताबिक, हथियारों की व्यवस्था करने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार चार लोगों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा था और बाद में मुंबई पुलिस को सौंप दिया। इसके अलावा, आरोपी अंकित और समीर की गिरफ्तारी के बाद सोनीपत के जतिन को भी पकड़े जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, सभी आरोपियों की सटीक भूमिका और उनके खिलाफ लगे आरोपों की पुष्टि आधिकारिक पुलिस बयान और जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही की जानी चाहिए।



हथियारों की सप्लाई से लेकर रेकी तक

अब तक सामने आई जानकारी के अनुसार, इस मामले में तीन कथित शूटरों के अलावा हथियार पहुंचाने में मदद करने के आरोप में चार लोगों की गिरफ्तारी हुई है। अंकित, समीर और जतिन की गिरफ्तारी के साथ आरोपियों की कुल संख्या 10 बताई गई है। पुलिस को यह पता लगाना है कि हथियार कहां से जुटाए गए, उन्हें मुंबई तक कैसे पहुंचाया गया और फायरिंग करने वालों को किसने निर्देश दिए। इसके साथ ही रेकी, आरोपियों के बीच संपर्क और कथित साजिश में हर व्यक्ति की भूमिका की जांच की जा रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा बयान

भारत-यूएस व्यापार डील के बेहद करीब, यह काफी अलग



डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब हैं और यह समझौता पहले किए गए समझौतों से काफी अलग होगा। ट्रंप ने मंगलवार को ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय) में पत्रकारों से कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि वे (भारत) समझौता करना चाहते हैं। हम समझौता करेंगे।

पाक-यूएस रिश्ते भारत की कीमत पर नहीं



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान या दुनिया के किसी भी अन्य देश के साथ अमेरिका के रिश्ते भारत के साथ उसके संबंधों की कीमत पर नहीं होंगे। रुबियो ने यह बात वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते संपर्कों को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की जरूरत पर जोर दिया। मुंबई में अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि उसके साझेदार भी आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का रुख अपनाएंगे। जयशंकर ने कहा कि मुंबई और अमेरिका के संबंधों की शुरुआत पुराने दौर में बर्फ के व्यापार से हुई थी।

बैंकॉक से मुंबई आ रही फ्लाइट में हंगामा, लौटना पड़ा वापस

एजेंसी ▶▶| बैंकाक

विमान ने बुधवार रात 8:20 बजे बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। इसके बाद यात्री के अजीब व्यवहार के कारण पायलट ने विमान को वापस ले जाने का फैसला किया। विमान रात 10:40 बजे बैंकॉक एयरपोर्ट पर उतर गया। विमान में सवार एक यात्री ने बताया कि विमान में सवार एक भारतीय यात्री अजीब तरीके से पेश आ रहा था और हंगामा कर रहा था। हालात को देखते हुए पायलट ने घोषणा की कि विमान को वापस बैंकॉक ले जाया जा रहा है। विमान के बैंकॉक में



उतरने के बाद मेडिकल टीम पहुंची और यात्री को अपने साथ ले गई। फिलहाल यात्री के इस तरह व्यवहार करने की वजह और उसकी तबीयत के बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। इसके 45 मिनट बाद फ्लाइट ने बैंकॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी। एअर इंडिया की ओर से भी घटना पर आधिकारिक बयान नहीं आया है।

यौन अपराधी एपस्टीन के साथ केंद्रीय मंत्री पुरी की फोटो वायरल, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मुलाकातों को लेकर भारत में सियासी विवाद तेज हो गया है। अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जारी एक तस्वीर में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी यौन अपराध के दोषी जेफ्री एपस्टीन के सामने एक मेज पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर में उनके अलावा कोई और नजर नहीं आ रहा है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेताओं ने पुरी के साथ एपस्टीन की तस्वीरें साझा करते हुए उनकी मुलाकातों पर सवाल उठाए हैं। विपक्षी नेताओं ने पूछा है कि पुरी एपस्टीन से क्यों मिले थे और इन मुलाकातों का मकसद क्या था।



यूरोप में विरोध की लहर

अल्बानिया में झड़पें, इटली में सख्त कानून

एजेंसी ▶▶| तिराना

यूरोप के कई देशों में महंगाई, बढ़ती ईंधन कीमतों, आवास संकट और सार्वजनिक सेवाओं की बदहाल स्थिति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। अल्बानिया की राजधानी तिराना में मंगलवार को सरकार विरोधी प्रदर्शन लगातार आठवें दिन भी जारी रहे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। प्रदर्शन में हाईस्कूल और विश्वविद्यालयों के छात्र भी शामिल हो गए हैं।

प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस और वाटन कैनन का प्रयोग



प्रदर्शनकारियों पर वाटन कैनन चलाती पुलिस

अल्बानिया के पीएम ने लगाए आरोप

पीएम एदी रामा ने मंगलवार को शिक्षकों और तिराना के स्कूलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद प्रदर्शनकारियों पर हिंसा के जरिए सरकार गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

एजेंसी ▶▶| रोम

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने मंगलवार को सुरक्षा से जुड़े कई कड़े उपायों को मंजूरी दी। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर कहा कि तोड़फोड़ और चोरी को विरोध प्रदर्शन नहीं कहा जा सकता, बल्कि ये आपराधिक गतिविधियां हैं। नए नियमों के तहत कम से कम पांच लोगों के समूह में प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने वालों को पांच साल तक की जेल और अधिकतम 20 हजार यूरो का जुर्माना हो सकता है।

इटली में अब दंगाइयों को पांच साल सजा का प्रावधान

माता-पिता होंगे जिम्मेदार

नियमों में प्रदर्शन के दौरान हिंसक गतिविधियों में शामिल होने का नया अपराध, दंगों के लिए सख्त सजा और तोड़फोड़ या लूटपाट में शामिल नाबालिगों के माता-पिता को आर्थिक रूप से जिम्मेदार ठहराने का प्रावधान शामिल है। अधिकारियों को नुकसान की भरपाई तत्काल कराने का अधिकार भी दिया गया है। यदि तोड़फोड़ या लूटपाट में नाबालिग शामिल हैं, तो उनके माता-पिता को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकेगा।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिन के छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज पहुंचेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रही हैं। रायपुर के लोक भवन में वे माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए मूल्य वर्ग का स्मारक सिक्का जारी करेंगी। यह कार्यक्रम दोपहर 12:45 बजे आयोजित होगा। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। रेंज आईजी के साथ पुलिस कमिश्नर पुलिस अफसरों के साथ राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए अलग-अलग बैठक लेकर देर शाम तक आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। पहले दिन सिक्का जारी करने के बाद राष्ट्रपति शाम चार बजे बूढ़ापारा ⏭शेष पेज 5 पर

मुरिया दरबार, बस्तर दशहरा में शामिल होंगी

दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति जगदलपुर जाएंगी। सुबह 11 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। इसके बाद दोपहर 12:45 बजे मुरिया दरबार और बस्तर दशहरा के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। दोनों दिन धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन केंद्र में रहेंगे।

शासन ने दिया था राशि लौटाने और 10-10 लाख जुर्माना का आदेश

350 करोड़ की अवैध वसूली करने वाले वसूलीबाज मेडिकल कॉलेजों को नोटिस, पूछा-कितने लौटाए?

ट्रांसपोर्टिंग, हॉस्टल, मेस जैसे वैकल्पिक मदों को अनिवार्य बताकर चिकित्सा छात्रों से अधिक फीस वसूली करने वाले निजी मेडिकल कालेजों के खिलाफ बड़े एक्शन की तैयारी है। प्रवेश एवं फीस नियामक समिति ने कालेजों को नोटिस जारी कर पूछा है कि इस मामले में शासन से जारी आदेश का कितना पालन किया गया है, प्रभावित विद्यार्थियों को कितनी राशि लौटाई गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पीड़ित परिजन मिले फीस विनियामक समिति के अध्यक्ष से, दी वसूली की जानकारी



एएफआरसी की अनुशंसा पर शासन ने तीनों कालेजों को फीस के अतिरिक्त वसूली गई राशि वापस करने और 10-10 लाख जुर्माना पटाने का आदेश दिया था। वसूलीबाज प्राइवेट मेडिकल कालेजों से पीड़ित पालकों ने एएफआरसी के अध्यक्ष डा. शिव कुमार पांडे और सदस्य अमित चिमनानी से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई। पिछले कई सालों से प्राइवेट मेडिकल कालेज फीस नियामक समिति से तय हुए शुल्क के बजाए विद्यार्थियों से विभिन्न नो प्रॉफिट-नो लॉस वाले आधार संचालित वैकल्पिक सुविधाओं को अनिवार्य बताकर ज्यादा फीस वसूल रहे हैं। इस मामले में पिछले ⏭शेष पेज 5 पर

कालेजों से जवाब मांगा गया

तीनों प्रायवेट मेडिकल कालेजों को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। उनसे पूछा गया है कि शासन के आदेश का पालन उन्होंने किस तरह किया गया। निर्धारित शुल्क से कितनी अधिक राशि ली गई और आदेश के बाद कितना वापस किया गया।

- डॉ. शिव कुमार पांडे
अध्यक्ष, प्रवेश एवं फीस नियामक समिति

खबर संक्षेप

संघ प्रमुख भागवत आज आएंगे बिलासपुर



बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत 22 व 23 अक्टूबर को दो दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर में रहेंगे। वे यहां बौद्धिक वर्ग को संबोधित करेंगे तथा बैठक लेकर छत्तीसगढ़ प्रांत के कार्यकर्ताओं से संगठन कार्य विस्तार एवं प्रबोधन पर चर्चा करेंगे। आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 22 व 23 अक्टूबर को कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित संघ के कार्यक्रमों में शामिल होंगे।22 अक्टूबर को शिशु मंदिर परिसर में शाम को प्रबुद्ध कार्यकर्ताओं के बौद्धिक वर्ग को संबोधित करेंगे। इसके बाद 23 अक्टूबर को प्रांत क्षेत्र की बैठक लेंगे। इस बैठक में संघ के कई बड़े पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इनमें अभा सह ⏭शेष पेज 5 पर

आप ने किया बड़ा दावा, कहा-मुख्यमंत्री का अपमान बर्दाश्त नहीं

फ्रांस से लौटे सीएम मान को एयरपोर्ट पर 3 घंटे रोका, 50 हजार का जुर्माना!

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के फ्रांस दौरे से लौटते ही बवाल मच गया। आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि पेरिस से लौटने पर पंजाब के सीएम भगवंत मान को दिल्ली एयरपोर्ट पर तीन घंटे तक रोके रखा गया। उन पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। पार्टी ने यह नहीं बताया कि सीएम को क्यों रोका गया या उन पर जुर्माना क्यों लगाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि फ्रांस से लौटते समय पंजाब के सीएम भगवंत मान को दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब तीन घंटे तक रोके रखा और 50 हजार रुपए का चालान किया गया। इसे लेकर आप नेता सौरभ भारद्वाज और बलतेज पन्नू ने इसे लेकर केंद्र पर निशाना साधा। सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सीएम मान को हवाई अड्डे पर करीब 3 घंटे तक रोका गया। पंजाब के मुख्यमंत्री अपने राज्य के प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने ⏭शेष पेज 5 पर



सीएम मान को क्यों रोका

सूत्रों के मुताबिक भगवंत मान और उनके स्टाफ पर 50 हजार की कस्टम ड्यूटी लगाई गई है। मुख्यमंत्री मान के साथ उनका स्टाफ था, उनके भी सामान की चेकिंग की गई थी, लेकिन चेकिंग के दौरान कुछ चीजें डिक्लेयर नहीं की गई थी, लिहाजा उस पर ड्यूटी लगी है। दरअसल, विदेश से जब कोई वापस आता है तो एंट्री के 2 चैनल होते है। पहला ⏭शेष पेज 5 पर

मजीठिया बोले- कानून से ऊपर कोई नहीं

अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने इस मामले पर अलग दावा किया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस में जन्मदिन मनाकर लौटे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने कानून के उल्लंघन के मामले में करीब 3 घंटे तक इंतजार कराया। मजीठिया के मुताबिक, कानून सभी के लिए एक बराबर है और कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। तय सीमा से ज्यादा सामान या नकदी ले जाने को लेकर उनसे घंटों पूछताछ की गई।

चलव रे संगी हॉकी खेलबो.... देश की पहली छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आगाज



रायपुर। सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम देश की पहली छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का गवाह बना। बुधवार को शाम 7.30 बजे इस ऐतिहासिक आयोजन का चलव रे संगी हॉकी खेलबो के थीम पर भव्य उद्घाटन हुआ। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री डॉ.रक्षा निखिल खड़से ने की। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खड़से ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ को देश के एक प्रमुख खेल गढ़ के रूप में जाना जाएगा। केंद्रीय खेल राज्यमंत्री ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज भारत खेलों में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप पूरे देश में खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। आज केवल क्रिकेट ही नहीं, बल्कि अन्य सभी खेलों को समान रूप से प्राथमिकता दी जा रही है।





चिंतन

बैंकिंग सुरक्षा को और फुलफ्रूफ करना जरूरी



मुद्दा
राजकुमार सिंह

बैंक की तिजोरी में रखा पैसा ही नहीं, बल्कि ग्राहकों का भरोसा भी सबसे अहम पूंजी है। इस भरोसे की बुनियाद तब कमजोर पड़ जाती है, जब ग्राहकों की निजी जानकारी असुरक्षित हो या डेटा लीक जैसी घटनाएं सामने आएं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के करीब 4,000 ग्राहकों के डेटा के डार्क वेब पर मिलने और एचडीएफसी बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता लीक करने के आरोपों ने बैंकिंग सुरक्षा की इसी बुनियादी कमजोरी पर सवाल खड़े किए हैं। दोनों मामलों की प्रकृति अलग है और जांच के निष्कर्ष आने बाकी हैं, लेकिन साझा चिंता बेहद गंभीर है। बैंकिंग सुरक्षा का दायरा केवल हैकरों से बचाव तक सीमित नहीं रह सकता; इसे डेटा तक पहुंच, उसके इस्तेमाल और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। एसबीआई के मुताबिक, जांच में ग्राहकों के रिकॉर्ड में व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारियां मिली हैं। इनमें नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, पता और बैंकिंग पहचान संबंधी विवरण शामिल हैं। ऐसी जानकारियां अपराधियों के हाथ लगने पर फर्जी बैंक अधिकारी बनकर फोन करने, विश्वास जीतकर गोपनीय जानकारी हासिल करने और वित्तीय धोखाधड़ी का रास्ता खोल सकती हैं। खाते से पैसा निकलने के बाद नुकसान का पता चलना एक स्थिति है, जबकि निजी जानकारी अपराधियों के पास पहुंचने के बाद उसके दुरुपयोग की आशंका लंबे समय तक बनी रह सकती है। एचडीएफसी बैंक का मामला सुरक्षा की दूसरी परत उजागर करता है। यहां दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता भंग करने के आरोप हैं। जांच पूरी होने से पहले किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा, लेकिन यह सवाल अनदेखा नहीं किया जा सकता कि संवेदनशील सूचनाओं तक पहुंच रखने वाले अधिकारियों की निगरानी कितनी प्रभावी है। किसी बैंक की ऋण संबंधी जानकारी, कारोबारी रणनीति और आंतरिक दस्तावेज भी उसकी संपत्ति हैं। खतरा केवल बाहरी सेंधमारी का नहीं, आंतरिक नियंत्रण की कमजोरी का भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए बैंकों को घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस व्यवस्था लागू करनी होगी। पहला कदम यह हो कि प्रत्येक कर्मचारी को केवल उतने ही डेटा तक पहुंच मिले, जितनी उसके काम के लिए जरूरी है। ग्राहकों के रिकॉर्ड देखने, डाउनलोड करने, साझा करने और उनमें बदलाव करने की गतिविधियों का सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। दूसरा, स्वतंत्र साइबर सुरक्षा ऑडिट और सुरक्षा प्रणालियों की नियमित जांच जरूर हो। परीक्षण केवल ऑनलाइन बैंकिंग तक सीमित न रहें, बल्कि ऋण दस्तावेजों, आंतरिक नेटवर्क, ईमेल और बाहरी सेवा प्रदाताओं तक फैले हों। गंभीर खामियों को दूर करने की समयसीमा तय हो और बैंक का शीर्ष प्रबंधन इसकी जवाबदेही ले। तीसरा, डेटा लीक की आशंका सामने आते ही प्रभावित प्रणालियों को सुरक्षित करने, डिजिटल साक्ष्य बचाने, स्रोत का पता लगाने और जोखिमग्रस्त ग्राहकों को समय पर सूचित करने की स्पष्ट प्रक्रिया हो। चौथा, आंतरिक गोपनीयता के उल्लंघन पर निष्पक्ष जांच और दोष साबित होने पर बिना भेदभाव कार्रवाई हो। भारतीय रिजर्व बैंक और संबंधित साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी नियमों के अनुपालन की प्रभावी निगरानी करनी चाहिए। एसबीआई और एचडीएफसी बैंक से जुड़े मामलों की जांच अपने निष्कर्ष तक पहुंचेगी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था सुधारने का काम अभी शुरू होना चाहिए। ग्राहकों का भरोसा बचाना है तो बैंकिंग सुरक्षा को वास्तव में और फुलप्रूफ बनाना ही होगा।

वैश्विक जन असंतोष के कारण भी समझें

अमेरिका को अपवाद मान लें तो शेष विश्व के लिए यूरोप स्वप्न लोक की तरह है। वहां का विकास, संपन्नता और चमक-दमक वाली जीवन शैली आकर्षित करती है। अगर वहां बसना वश की बात न हो, तो घूमने हर कोई जाना चाहता है। उसी यूरोप के कई देशों से अब डरावनी खबरें और तस्वीरें आ रही हैं। फ्रांस, यूरोप के बड़े और विकसित देशों में से है, लेकिन वहां सात-आठ लाख लोग सरकार के विरोध में सड़कों पर आ गये। राजधानी पेरिस में ही एक लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर नजर आये। फ्रांस के कई शहरों में आगजनी और लूटपाट के दृश्य आम हो गये।

बेशक राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सख्ती और दो हजार से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी के बाद हिंसा पर अंकुश लग सकता है, लेकिन विकास की चकाचौंध के पीछे का अंधेरा बेनकाब हो गया है। फ्रांस में जन असंतोष के संकेत पहले भी मिलते रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें समय रहते समझने और सुलझाने में विफल रही। चमक-दमक वाली जीवन शैली के अलावा पेरिस फैशन, परफ्यूम और ऐतिहासिक इमारतों के लिए जाना जाता है। 143 साल पुराने टाउन हॉल को दंगाइयों ने जला दिया। फ्रांस सरीखे विकसित और आधुनिक देश में ऐसे डरावने दृश्यों ने कई सवाल खड़े किए हैं, लेकिन विडंबना है कि जवाब सोच और सुविधा के अनुसार दिए जा रहे हैं। फ्रांस में अगले साल चुनाव हैं। इसलिए इस हिंसा के राजनीतिक प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता। कई जानकार इसमें कट्टर वामपंथ और आप्रवासियों की भूमिका भी देख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो सीधे-सीधे मुस्लिम आप्रवासियों को निशाने पर लेते हुए कहा है कि पेरिस जल्दी ही मुस्लिम शहर बन जाएगा।

ट्रंप ने मैक्रों को सीमाएं बंद करने की सलाह देते हुए कहा है कि फ्रांस में जो कुछ हो रहा है, उसका संबंध स्कूल या किसी और चीज से नहीं, बल्कि आप्रवासन से है। आप्रवासन के मामले में फ्रांस यूरोप के सबसे उदार देशों में से है। इसका असर जनसांख्यिकी परिवर्तन के रूप में दिखता भी है। जनसांख्यिकी परिवर्तन से किसी देश या शहर का स्वरूप बदलने और सामाजिक चुनौतियां पैदा होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पिछले एक दशक में ही फ्रांस ने इस्लामी आतंकवाद के कई दंश झेले हैं। इसलिए यूरोपीय देशों को को राष्ट्रहित में भी आप्रवासन नीतियों पर तो पुनर्विचार करना ही चाहिए, लेकिन सिर्फ आप्रवासियों को हर समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराना सच से मुंह चुराना ही होगा।

सच यह भी है कि अन्य देशों की तरह फ्रांस में भी संसाधनों और संपत्ति पर मुठ्ठी भर लोगों का कब्जा है और बड़ी आबादी के लिए जीवन यापन मुश्किल होता जा रहा है। शायद इसलिए भी पिछले महीने स्कूलों की बदहाली के विरोध में शुरू आंदोलन को अचानक सरकार विरोधी हिंसक आंदोलन में तब्दील कर पाना आसान रहा। बेशक मुद्दों की वास्तविकता के बावजूद किसी आंदोलन को हिंसक और अराजक होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। आंदोलनकारियों की आड़ में असामाजिक- आपराधिक तत्व अपने मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो गये, तो यह सरकार और कानून-व्यवस्था के लिए जिम्मेदार एजेंसियों की भी नाकामी है। लाखों लोग सड़कों पर आगजनी और लूट



के लिए उतर आये, पर पुलिस और खुफिया तंत्र को भनक भी नहीं लगी। आगजनी और लूट में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और उन्हीं से नुकसान की भरपाई सही सोच है, लेकिन आंदोलन को वामपंथियों और आप्रवासियों की कारगुजारी बता देने भर सरकार अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही से मुक्त नहीं हो सकती। मैक्रों सरकार को बढ़ती आर्थिक विषमता, महंगाई और बेरोजगारी से मुश्किल होते जीवन यापन जैसे आम आदमी से जुड़े अहम् मुद्दों से मुंह चुराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। अगर सरकार ने आम आदमी के जीवन यापन को आसान बनाने के लिए जरूरी कदम उठाये होते और स्कूलों की बदहाली के विरुद्ध आंदोलन से भी समय रहते संवाद के जरिये निपटने की कोशिश की होती तो शायद असामाजिक-आपराधिक तत्व उसमें घुस कर अपने मंसूबों को अंजाम नहीं दे पाते। फ्रांस के हालात जैसे ही संकेत कुछ अन्य यूरोपीय देशों से भी मिल रहे हैं। मिलान, इटली की राजधानी नहीं है, लेकिन उसे दुनिया की फैशन-राजधानी कहा जाता है। मिलान भी खूबसूरती और संपन्नता के लिए मशहूर है, लेकिन वहां से भी पिछले कुछ दिनों से उग्र जन असंतोष की खबरें और तस्वीरें आ रही हैं। इटली में भी जन असंतोष कई शहरों तक फैल चुका है और हिंसा में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबरें हैं। उसके मूल में भी कमोवेश फ्रांस जैसे ही कारण हैं। बेलगाम महंगाई तथा शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी सार्वजनिक सुविधाओं की बदहाली और बढ़ती आर्थिक विषमता पर चिंताएं नई नहीं हैं। अगर समय रहते ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाये गये तो जॉर्जिया मैलोनी को भी इटली में वैसे ही हालात का सामना करना पड़ सकता है, जैसे मुश्किल हालात से फ्रांस में मैक्रों रूबरू हैं। फ्रांस और इटली के अलावा पुर्तगाल और अल्बानिया में भी जन असंतोष सड़कों पर है। अपनी खूबसूरती के लिए वैश्विक पर्यटकों में लोकप्रिय अल्बानिया में महंगाई से मुश्किल होते जीवन यापन के अलावा बेलगाम भ्रष्टाचार को लेकर भी प्रधानमंत्री ईडी रामा से नाराजगी भी जन असंतोष का बड़ा कारण है।

असंतोष की उग्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री कार्यालय पर पेट्रोल बम तक फेंके गये। अल्बानिया में आंदोलनकारी सत्ता परिवर्तन चाहते हैं, पर 2013 से सत्ता पर काबिज ईडी रामा कुर्सी छोड़ने के मूड में नहीं दिखते। पुर्तगाल और स्पेन अपनी समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली इतिहास के लिए जाने जाते हैं, लेकिन ये दोनों देश भी बेलगाम महंगाई से आम नागरिक का जीवन यापन दूभर होने से मुखर होते जन असंतोष से जूझ रहे हैं। पुर्तगाल, खासकर राजधानी लिस्बन में तो बेलगाम रियल एस्टेट माफिया की बदौलत आवासीय संपत्तियां इतनी महंगी हो गई हैं कि आम पुर्तगाली न तो खरीद सकता है और न ही किराये पर ले सकता है। इसमें विदेशी निवेशकों की भी बड़ी भूमिका है, जिनके लिए तमाम देशों की सरकारें लाल कालीन बिछाने को लालायित रहती हैं-बिना यह विचार किए कि बेलगाम बाजारवाद का आम नागरिकों के जीवन यापन पर क्या असर पड़ेगा। ब्रिटेन के नागरिक भी अरसे से महंगाई की मार झेल रहे हैं। वहां स्वास्थ्य सुविधाएं ही आम नागरिक की पहुंच से बाहर हो गई हैं। ऐसा नहीं है कि बढ़ती आर्थिक असमानता से उपजता जन असंतोष सिर्फ यूरोप तक सीमित है। महंगाई की तपिश आर्थिक महाशक्ति अमेरिका में भी आम आदमी महसूस कर रहा है और अफ्रीकी देश केन्या में भी। जाहिर है, इधर-उधर की बातें करने के बजाय जन असंतोष के असली कारणों को समझते हुए नीतिगत सुधार का वक्त आ गया है। देश के लिए बाजार होना चाहिए, बाजार के लिए देश नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
महेन्द्र तिवारी



मतदाता सूची से नाम हटने पर आम आदमी की पीड़ा

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अपनी पसंद की सरकार चुनने का अवसर देने वाली शासन प्रणाली है। इसकी वास्तविक शक्ति जनता के विश्वास में निहित होती है। जब कोई नागरिक मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करता है, तब वह केवल किसी प्रत्याशी के पक्ष में मत नहीं देता, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करता है। इसलिए मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम होना लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। यदि किसी नागरिक का नाम बिना उचित कारण सूची से हटा दिया जाता है, तो यह केवल एक प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि उसके संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक भागीदारी से जुड़ा गंभीर विषय बन जाता है। देश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर इन दिनों व्यापक चर्चा और विवाद हो रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान देशभर में लगभग 13 करोड़ नाम मतदाता सूचियों से संबंधित छंटाई और पुनरीक्षण की कार्रवाई के दायरे में आए हैं। निर्वाचन आयोग ने इन नामों को अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि जैसी श्रेणियों में रखा है। इसलिए इस संख्या को सीधे-सीधे इतने पात्र मतदाताओं के गलत ढंग से नाम काटे जाने के बराबर मानना उचित नहीं होगा। फिर भी, इस व्यापक प्रक्रिया के बीच ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें जीवित और पात्र नागरिकों को मृत या स्थानांतरित मान लिया गया। इससे सत्यापन की विश्वसनीयता और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। दिल्ली में भी इस पुनरीक्षण का प्रभाव व्यापक दिखाई दिया है। प्रारूप मतदाता सूची से लगभग 47.7 लाख नाम हटाए जाने की सूचना सामने आई थी। इनमें ऐसे लोग भी हो सकते हैं, जिनके सत्यापन प्रपत्र निर्धारित समय में प्राप्त नहीं हुए, जो अपने पुराने पते पर उपलब्ध नहीं थे अथवा जिनकी प्रविष्टियों में किसी प्रकार की विसंगति पाई गई। बाद में निर्वाचन अधिकारियों ने छूटे हुए मतदाताओं के पुनः सत्यापन और पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के लिए कदम उठाने की बात कही। इस घटनाक्रम का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि किसी सूची में नाम न मिलने और किसी व्यक्ति के मतदान के लिए अपात्र होने के बीच अंतर किया जाना चाहिए। पहली स्थिति जांच और सुधार की मांग करती है, जबकि दूसरी स्थिति के लिए नियमानुसार पर्याप्त आधार आवश्यक है। मतदाता सूची का नियमित पुनरीक्षण किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। यदि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहें, एक ही व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर दर्ज हो या अपात्र व्यक्तियों की प्रविष्टियां मौजूद हों, तो चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह मतदाता सूची को सही, अद्यतन और पारदर्शी बनाए। लेकिन इस उद्देश्य की पूर्ति ऐसी प्रक्रिया से होनी चाहिए जिसमें पात्र नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहें। प्रशासनिक सुविधा को नागरिक अधिकारों से ऊपर नहीं रखा जा सकता। किसी घर पर एक या दो बार पहुंचने पर व्यक्ति का न मिलना, किसी पुराने पते पर उसका अनुपस्थित होना अथवा निर्धारित अवधि में प्रपत्र जमा न कर पाना अपने आप में यह सिद्ध नहीं करता कि वह मतदान का पात्र नहीं है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में यह चुनौती और जटिल हो जाती है। रोजगार की तलाश में लाखों लोग एक शहर से दूसरे शहर जाते हैं। इस विवाद का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मताधिकार केवल राजनीतिक अधिकार नहीं, बल्कि नागरिक की सामाजिक प्रतिष्ठा और लोकतांत्रिक पहचान से भी जुड़ा है। जब कोई व्यक्ति वर्षों से मतदान करता आया हो और अचानक उसे पता चले कि सूची में उसका नाम नहीं है, तो उसके लिए यह अनुभव निराशाजनक और अपमानजनक हो सकता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है। यह विश्वास तभी कायम रह सकता है जब प्रत्येक नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी पहचान, उसकी पात्रता और उसकी आवाज का सम्मान किया जाएगा। मतदान का अधिकार कानून द्वारा निर्धारित पात्रता से जुड़ा नागरिक अधिकार है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण तभी सफल माना जाएगा जब वह चुनावी व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने के साथ किसी पात्र नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर न होने दे। लोकतंत्र में हर मत महत्वपूर्ण है और हर पात्र मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करना ही एक जवाबदेह व्यवस्था की वास्तविक पहचान है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मो में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

अंतर्मन



आज की पाती

पुलिस को सेना जैसा सम्मान क्यों नहीं

21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन पुलिसकर्मियों के बलिदान के लिए मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख में चीन के कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान की बाजी लगा दी थी। और यह देश के उन पुलिस कर्मियों के लिए भी मनाया जाता है जिन्होंने आम लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। देश में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की मुख्य भूमिका होती है। जब हम सभी दीपावली या अन्य त्योहार मना रहे होते हैं, तब पुलिस हमारी सुरक्षा की खातिर अपना फर्ज निभा रही होती है। कभी कभी धरने प्रदर्शनों के दौरान पुलिस को हिंसक झड़पों का भी सामना करना पड़ता है। बहरहाल पुलिस को सेना जैसा सम्मान देने की जरूरत है। - *दीपक अग्रवाल, दुर्ग*

ट्रेंड

ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई



हमारी पुलिस फोर्स 31 दिसंबर 2029 तक नशीले पदार्थों के गिरोहों को खत्म करने के लिए ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है, और साथ ही युवाओं को इस बुराई के प्रति जागरूक भी कर रही है।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

देश का मान



एशियाई पैरा गेम्स-2026 में महिलाओं की 100 मीटर (टी12) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर, उत्तर प्रदेश की बेटी सिमरन शर्मा ने देश का मान बढ़ाया है। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश भर के अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणा है।
- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तरप्रदेश

एशियन पैरा गेम्स



एशियन पैरा गेम्स 2026 में पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप गावित ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिगनाकाथ ने रजत पदक हासिल किया। सालों की कड़ी मेहनत, अनगिनत बलिदानों और अटूट जज्बे ने भारत को गौरवान्वित किया है। हमारे दोनों चैंपियनों को बधाई!
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

पुलिस स्मृति दिवस



पुलिस स्मृति दिवस पर, हम अपने पुलिस बलों के उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं को नमन करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राष्ट्र के लिए दी गई उनकी सेवाओं के लिए सदैव उनके ऋणी रहेंगे।
-**मल्लिकार्जुन खड़गे ,** अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

हैरी ने पिता व भाई से रिश्ते सुधारने की इच्छा जताई

ब्रिटेन के युवराज हैरी अपने पिता महाराजा चार्ल्स तृतीय और भाई प्रिंस विलियम के साथ मतभेद दूर कर रिश्ते सुधारना चाहते हैं। परिवार और अपनों को खोने के दुख पर 'जीक्यू' पत्रिका के साथ एक साक्षात्कार में हैरी से पूछा गया कि क्या उन्हें अपने पिता और भाई के साथ जटिल रिश्तों को लेकर दुख होता है? सितंबर के अंत में न्यूयॉर्क में रिकॉर्ड किया गया यह साक्षात्कार मंगलवार को प्रकाशित हुआ। हैरी ने जवाब दिया, हां, बिल्कुल। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर उनसे इस बारे में पूछते हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग नहीं चाहते कि रिश्ते सुधरें, लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसा हो। बेशक, मैं ऐसा चाहता हूं। दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, उसे देखते हुए सबसे महत्वपूर्ण बात सुलह करना है। यही मुख्य बात है। हैरी, उनकी पत्नी मेघन और उनके दोनों बच्चे अगस्त के अंत में ब्रिटेन लौट आए थे। शाही परिवार के सक्रिय सदस्यों के रूप में अपनी भूमिकाएं छोड़कर कैलिफोर्निया जाने के उनके फैसले से शाही परिवार में दूरियां बढ़ गई थीं। इस फैसले को छह साल हो चुके हैं। इस दंपति ने पहले के साक्षात्कारों में शाही परिवार की आलोचना की थी। उन्होंने परिवार के एक अज्ञात सदस्य पर नस्लवाद का आरोप लगाया था और कहा था कि महल के कर्मचारियों ने मेघन के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई।



ऑफ बीट

एआई शॉपिंग एजेंट बेहतर सौदे का वादा करते हैं, गलती का नहीं

मेटा का हाल ही में पेश किया गया एआई एजेंट 'म्यूज' कई तरह के काम करने में सक्षम होने का भरोसा देता है। यह ईमेल भेजने, छुट्टियां मनाने के लिए जरूरी बुकिंग कर सकता है, मुश्किल ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है। लेकिन एक निजी खरीदारी सहायक के रूप में इसकी संभावनाओं को लेकर खासा ध्यान आकर्षित हो रहा है। यह सस्ते सौदों की तलाश करने और उपयोगकर्ता की मंजूरी के बिना खरीदारी करने में सक्षम है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति दौड़ने के लिए नए जूते खरीदना चाहता है। कुछ ही मिनट में एआई सहायक दर्जनों दुकानों की वेबसाइटों पर खोज कर सकता है और अलग-अलग ब्रांड की तुलना करके सबसे सस्ते और जरूरत के मुताबिक जूते ढूंढ सकता है। म्यूज अकेला ऐसा एआई एजेंट नहीं है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों के बीच इन एजेंट को रोजमर्रा की खरीदारी का हिस्सा बनाने की होड़ लगी है। गूगल और ओपनएआई भी एआई आधारित शॉपिंग टूल विकसित कर रहे हैं। उपभोक्ताओं के लिए इन नए एआई एजेंट का फायदा साफ है। खरीदारी में कम समय लगेगा और बेहतर सौदे मिलने की संभावना होगी। वहीं, खुदरा कारोबारियों के लिए ये ऑनलाइन उत्पादों के प्रचार करने के तरीके को बदल सकते हैं।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026 | आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी | वर्ष : 25, अंक : 93 | पृष्ठ : 16+4+4 = 24 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

वर्ष में न्यूनतम दो बार परीक्षा का आयोजन

शासन के निर्णय के अनुसार टीईटी परीक्षा निजी तकनीकी सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पद्धति से आयोजित की जाएगी। परीक्षा एक से अधिक पालियों में होगी तथा सभी पालियों के लिए तैयार प्रश्नपत्रों का स्तर समान रखा जाएगा, जिससे परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। विशेष टीईटी परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले शिक्षकों को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), रायपुर द्वारा प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। राज्य शासन ने लोक शिक्षण संचालनालय को वर्ष में न्यूनतम दो बार परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कक्षा पहली से आठवीं तक के सेवारत शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने का मिलेगा अवसर

छग में टीईटी पर बड़ा फैसला, सेवारत शिक्षकों को देनी होगी परीक्षा, सरकार सहमत, कर्मचारी चयन मंडल को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सेवारत शासकीय शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विशेष आयोजन के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की है। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से कंप्यूटर आधारित टेस्ट पद्धति से आयोजित की जाएगी। शासन ने वर्ष में न्यूनतम दो बार परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सेवारत शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के पर्याप्त अवसर मिल सकें।

- छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से सीबीटी पद्धति से होगी परीक्षा, वर्ष में कम से कम दो बार आयोजन के निर्देश



टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील क्रमांक 1385/2025 में 1 सितंबर 2025 तथा पुनर्विचार ⏭शेष पेज 5 पर

निर्णय का स्वागत, रखी यह मांग

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने सेवारत शासकीय शिक्षकों के लिए विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने के छत्तीसगढ़ शासन के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघर्ष मोर्चा एवं छत्तीसगढ़ टीचर्स ⏭शेष पेज 5 पर

जांच शुरू, जमा राशि सुरक्षित

एसबीआई के 3897 ग्राहकों का डाटा लीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक 'डार्क वेब' पर 3,897 ग्राहकों के रिकॉर्ड उजागर होने की आशंका की जांच कर रहा है। इन रिकॉर्ड में ग्राहकों की व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारी शामिल है।



बैंक को इस संबंध में 16 अक्टूबर को अपने जोखिम खुफिया सेवा प्रदाता, रक्षा साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) से सतर्कता संबंधी सूचनाएं मिली थीं।

करीबी से नजर

एसबीआई ने कहा कि वह स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है और लागू नियामकीय जरूरतों के अनुरूप सभी उचित कदम उठा रहा है। एसबीआई ने कहा, हम दोहराना चाहते हैं कि ग्राहकों की वित्तीय संपत्तियों, उनकी जानकारी की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का सामान्य कूपन

कल के अंक में देखें।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

झोपड़ी में आग, पिता-पुत्री और भाई जिंदा जले

देवरिया। यूपी के देवरिया जिले के भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार गांव में एक झोपड़ी में आग लगने से एक व्यक्ति, उसकी तीन साल की बेटी और भाई समेत तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ को पहले दिन तीन गुना राशि मिलीं

जियो आईपीओ...30 हजार करोड़ मांगा पहले दिन 74,610 करोड़ की बोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खास खबर

रिलायंस इंडस्ट्रीज की अनुषंगी कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के निर्गम के लिए निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। कुल 30,213 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार को बोली के पहले ही दिन करीब 74,610 करोड़ रुपए की कुल मांग मिली। इसमें बड़े निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्से का आवंटन भी शामिल है। निर्गम को खुलने के 100 मिनट के भीतर पूरी बोली मिल गयी। इतनी तेजी से बोली प्राप्त करने वाला यह अबतक का पहला निर्गम है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, शाम पांच बजे तक सार्वजनिक निर्गम को 3.01 गुना अभिदान मिला। निवेशकों ने पेश किए गए 19.75 करोड़ शेयरों के मुकाबले ⏭शेष पेज 5 पर

देश के सबसे बड़े जियो आईपीओ को उम्मीद से बेहतर रिस्पांस निवेशकों की ओर से मिला है। पहले ही दिन यह आईपीओ ओवर सब्सकाइब हो गया। जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के 30,213 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए पहले दिन ही 74,610 करोड़ रुपए से अधिक की बोलियां मिलीं। बुधवार को आईपीओ खुलने के बाद दोपहर तक 2.35 गुना सब्सकाइब हो गया। यह आईपीओ खुलने के 100 मिनट के भीतर पूर्ण अभिदान पाने वाला भारत का अबतक का सबसे तेज सार्वजनिक निर्गम बन गया।

देश का सबसे बड़ा आईपीओ, 100 मिनट में ही पूरा किया टॉरगेट

शेयर मूल्य 1065 से 1119 रुपए

जियो के आईपीओ के लिए प्रति शेयर मूल्य दायरा 1,065 से 1,119 रुपये तय किया गया है। ऊपरी मूल्य पर जियो प्लेटफॉर्म्स का मूल्यांकन करीब 108 अरब डॉलर बैठता। यह निर्गम हुंदै मोटर इंडिया के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने वाला है। उद्योगपति मुकेश अंबानी के नियंत्रण वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के डिजिटल एवं दूरसंचार कारोबार के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा है। यह आईपीओ निवेशकों की उस महत्वाकांक्षा के प्रति रुचि की भी बड़ी परीक्षा है।

पिछले सारे रिकॉर्ड टूटे

शुरुआती रफ्तार के मामले में जियो अन्य बड़े भारतीय निर्गम से आगे है। बजाज हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ खुलने के दिन दोपहर दो बजे तक पूरी तरह अभिदान पा गया था, जबकि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के निर्गम को 2025 में पहले दिन के अंत तक पूर्ण अभिदान मिल गया था।



देश का सबसे बड़ा आईपीओ

जियो प्लेटफॉर्म्स का यह सार्वजनिक निर्गम 2024 में हुंदै मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपए के आईपीओ को पीछे छोड़कर मूल्य के लिहाज से देश का सबसे बड़ा निर्गम बन जाएगा। जियो के शेयर के लिए 1,065 से 1,119 रुपए के मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 108 अरब डॉलर बैठता है। इस निर्गम के तहत 27 करोड़ नए शेयर जारी किए जा रहे हैं।

रफ्तार का नया रिकॉर्ड बना

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, अपराह्न पौने तीन बजे तक निवेशकों ने पेशकश किए गए 19.75 करोड़ शेयर के मुकाबले 46.50 करोड़ शेयर के लिए बोलियां लगाईं। इसके साथ ही आईपीओ अभिदान की रफ्तार का नया रिकॉर्ड बना। देश के अबतक के सबसे बड़े आईपीओ के लिए मांग में संस्थागत निवेशक सबसे आगे रहे। पात्र संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित हिस्से को 7.09 गुना अभिदान मिला।

सड़क हादसों में चार युवकों की मौत, कांकेर में नाराज गांववालों ने लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/पखांजूर

दशहरा और दुर्गा पूजा की खुशियां कांकेर और पखांजूर क्षेत्र के दो गांवों में मातम में बदल गईं। जहां अलग-अलग सड़क हादसों में चार युवकों की मौत हो गई। कांकेर बायपास पर कार की टक्कर से नंदनमारा के दो युवकों की जान चली गई, जबकि पखांजूर क्षेत्र में बाइक पेड़ से टकराने के कारण पीव्ही 39 निवासी दो युवकों की मौत हो गई। इन घटनाओं से ⏭शेष पेज 5 पर

पेड़ से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

इधर, पखांजूर क्षेत्र में पीव्ही 42 और सोहगांव के बीच बाइक पेड़ से टकराने से पार्थ विश्वास (24) और जितेश व्यापारी (16), निवासी पीव्ही 39, की मौके पर मौत हो गई। दोनों दुर्गा पूजा देखने के लिए घर से निकले थे। देर रात तक नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश करते रहे। सुबह राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

An Investor Awareness Initiative by

SEBI

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

Securities and Exchange Board of India



म्यूचुअल फंड्स | स्टॉक्स | रीट्स | इन्विट्स | बॉण्ड्स | कमोडिटीज़

विज़िट करें: investor.sebi.gov.in/ssis

सेबी Saarthi ऐप डाउनलोड करें

सहयोगी: AMFI | NSE IPFT | BSE Investors Protection Fund | MCX Metal & Energy Trade with Trust MCX Investor Protection Fund | CDSL Investor Protection Fund Trust | NSDL Investor Protection Fund Trust | NISM National Institute of Securities Markets A Capacity Building initiative of SEBI

CBC 15204/13/0123/2627

पचास वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे लोग, जिन्हें बचपन में चिकन पॉक्स हो चुका है या किसी बीमारी की वजह से जिनकी इम्यूनिटी वीक है, उन्हें शिंगल्स डिजीज हो सकता है। यह बहुत पेनफुल वायरल इंफेक्शन है, जिससे बचाव के लिए वैक्सीन लगवा सकते हैं। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर दे रहे हैं बहुत यूजफुल एडवाइस।

पेनफुल डिजीज शिंगल्स वैक्सीन से संभव है बचाव



प्रिकॉशन



डॉ. विपुल गुप्ता
सीनियर फिजिशियन
नई दिल्ली

शिंगल्स रोग को हर्पीस जोस्टर भी कहा जाता है। यह वेरिसेला जोस्टर वायरस के इंफेक्शन से होने वाला एक पेनफुल डिजीज है। यह उन लोगों को हो सकता है, जिन्हें बचपन में कभी चिकन पॉक्स हो चुका है। दरअसल, चिकन पॉक्स ठीक होने के बाद उसके वायरस इनएक्टिव फॉर्म में रोगी के टिश्यूज में या स्पाइनल कॉर्ड की नर्व्स में पड़े रहते हैं। फिर जब व्यक्ति पचास वर्ष की उम्र को पार कर लेता है, किसी बीमारी की वजह से उसकी इम्यूनिटी वीक हो जाती है तो ये वायरस फिर से एक्टिव होकर उसकी बॉडी स्किन के किसी एक पार्ट पर छोटे-छोटे वेसिकल्स के रूप में सामने आ सकते हैं, जिसे शिंगल्स कहते हैं। इस रोग के होने की आशंका उन लोगों में ज्यादा होती है, जिन्हें डायबिटीज, बीपी, कैंसर, अस्थमा जैसे रोग होते हैं, क्योंकि उनकी इम्यूनिटी काफी कमजोर हो जाती है।



शिंगल्स के लक्षण: शिंगल्स, बॉडी के किसी एक निश्चित पार्ट की स्किन पर छोटे-छोटे दानों या पानी वाले फफोलों के रूप में होता है। ज्यादातर शरीर के ऊपरी हिस्से यानी थोरेसिक पार्ट में, आंखों के पास या बैक पार्ट में स्पाइन के आस-पास की स्किन पर होता है।

शिंगल्स होने से पहले स्किन के उस पार्ट में बहुत ज्यादा दर्द महसूस होता है। फिर उसी स्थान पर तीन से पांच दिनों के बाद इसके वेसिकल्स प्रकट होते हैं। फिर इनमें पानी भर जाता है। इससे जुड़ा सबसे कॉम्प्लीकेटेड आस्पेक्ट, पोस्ट हरपेटिक न्यूराल्जिया है। इसमें कुछ पेशेंट्स को शिंगल्स के ठीक होने के बाद भी कई दिन, महीने या कभी-कभी एक साल तक करेंट लगने जैसा पेन होता रहता है।

अब उपलब्ध है वैक्सीन: शिंगल्स के मामले में अच्छी बात यह है कि अब इससे बचाव के लिए इफेक्टिव वैक्सीन उपलब्ध है। हालांकि वैक्सीन पहले भी उपलब्ध थीं लेकिन वो ज्यादा इफेक्टिव नहीं होती थीं और उनके कुछ साइड इफेक्ट्स भी होते थे। लेकिन अब शिंगरिक्स नामक वैक्सीन की दो डोज इससे बचाव करने में काफी कारगर है। इस वैक्सीन की दो डोज को दो से छह महीने के अंतराल पर लगाया जाता है। इसकी एफिशिएंसी 90 प्रतिशत से ज्यादा पाई गई है। इसलिए पचास वर्ष से ऊपर के ऐसे लोग, जिन्हें बचपन में स्मॉल या चिकन पॉक्स हो चुका है या जो बीपी, शुगर, अस्थमा के पेशेंट हैं या फिर जो इम्यूनोथेरेपी ले रहे हैं, वे शिंगल्स जैसे पेनफुल डिजीज से बचने के लिए यह वैक्सीन अपने डॉक्टर से कंसल्ट कर लगवा सकते हैं।

ट्रीटमेंट का तरीका: जहां तक शिंगल्स के उपचार की बात है तो इसके पेशेंट्स को एंटीवायरल मेडिसिन दी जाती हैं। चूंकि यह बहुत पेनफुल डिजीज है, इससे राहत के लिए कई बार पेशेंट की कंडीशन के अनुसार नर्व्स को सुन्न करने वाली दवाएं भी दी जाती हैं। लेकिन इन दवाओं को देने के बाद भी कई बार पेशेंट को दर्द से पूरी राहत नहीं मिल पाती है। पेशेंट अपने रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पाता है। इसीलिए इससे बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना ही कारगर उपाय है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. राजेश कालिटा
जनरल मेडिसिन स्पेशलिस्ट, दिल्ली

मौसम में बदलाव का असर केवल तापमान पर ही नहीं, बल्कि हमारी सेहत पर भी पड़ता है। कभी सुबह और शाम हल्की ठंडक, तो कभी दिन में गर्मी, उमस, बारिश और बढ़ता वायु प्रदूषण शरीर के लिए कई तरह के रोगों के होने का रिस्क बढ़ा देता है। इनसे बचाव के लिए पूरी सावधानी बरतते हुए यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करें।

बदलते मौसम में बढ़ जाता है कई बीमारियों के होने का रिस्क







इन दिनों मौसम में बदलाव हो रहा है। सुबह-शाम, रात में ठंड तो दिन में गर्मी लगती है। मच्छरों का प्रकोप और प्रदूषण भी बढ़ रहा है। इससे कई बीमारियों का रिस्क बढ़ गया है।

इन रोगों का बढ़ता है रिस्क

सर्दी-जुकाम और फ्लू: यह इस मौसम की सबसे आम समस्या है। इसमें नाक बहना या बंद होना, छींकें आना, गले में खराश, हल्का बुखार, बदन दर्द और थकान जैसे लक्षण दिखते हैं। सामान्य जुकाम आमतौर पर 5-7 दिन में ठीक हो जाता है, जबकि फ्लू (इंफ्लूएंजा) में बुखार तेज होता है और कमजोरी अधिक रहती है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में खांसने-छींकने और हाथ मिलाने से आसानी से फैलता है।

गले का संक्रमण: टॉन्सिलाइटिस और फेरिन्जाइटिस जैसे गले के संक्रमण में गले में दर्द, निगलने में तकलीफ, आवाज बैठना और कभी-कभी बुखार होता है। ठंडी चीजों का सेवन और अचानक तापमान बदलना इसके प्रमुख कारण हैं। बच्चों में यह समस्या अधिक देखी जाती है।

खांसी और ब्रोंकाइटिस: लगातार खांसी, सीने में जकड़न, बलगम और सांस लेते समय घरघराहट, ब्रोंकाइटिस के लक्षण हो सकते हैं। यदि खांसी दो-तीन हफ्ते से अधिक चले, तो डॉक्टर को अवश्य दिखाना चाहिए।

एलर्जी और अस्थमा: धूल, धुएं, परागकणों और प्रदूषण के कारण आंखों में खुजली, लगातार छींकें, नाक से पानी बहना और त्वचा पर चकत्ते हो सकते हैं। अस्थमा या दमे के मरीजों में सांस फूलना, सीटी जैसी आवाज और सीने में भारीपन बढ़ जाता है। प्रदूषण के दिनों में यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

वायरल फीवर: इसमें तेज बुखार, सिरदर्द, बदन टूटना, कमजोरी और कभी-कभी उल्टी या दस्त की शिकायत होती है। यह आमतौर पर 3 से 5 दिन में ठीक हो जाता है, पर आराम और पर्याप्त तरल पदार्थ जरूरी हैं।



डेंगू और मलेरिया: बरसात के बाद मौसम बदलने के दौरान रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, जिसमें तेज बुखार, तेज सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द तथा शरीर पर दाने हो सकते हैं। मलेरिया में ठंड लगकर बुखार आता है और पसीना आकर उतर जाता है। इन दोनों बीमारियों में देरी करना जानलेवा हो सकता है, इसलिए तुरंत जांच कराना आवश्यक है।

पेट के संक्रमण: दूषित पानी और बासी भोजन से दस्त, उल्टी, पेट दर्द, फूड पॉइजनिंग, टाइफाइड और पीलिया (हेपेटाइटिस-ए) जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इनमें शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) सबसे बड़ा खतरा है।

जोड़ों का दर्द और अकड़न: ठंडे और नम मौसम में गठिया के रोगियों और बुजुर्गों के जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। सुबह उठने पर अकड़न महसूस होती है।

त्वचा और आंखों की समस्याएं: मौसम में नमी, धूल, प्रदूषण और एलर्जी के कारण त्वचा में खुजली, चकत्ते, रूखापन तथा आंखों में जलन या पानी आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पसीने और नमी के कारण कुछ लोगों में फंगल संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है।

रोगों के कारण

इस मौसम में होने वाले तमाम तरह के रोगों के कई कारण हो सकते हैं।

तापमान में उतार-चढ़ाव: दिन में गर्मी और रात में ठंड होने से शरीर को बार-बार अपना तापमान संतुलित करना पड़ता है। इससे शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है।

वायरस का संक्रमण: फ्लू और सर्दी-जुकाम के वायरस ठंडे और शुष्क मौसम में ज्यादा सक्रिय रहते हैं।

नमी और गंदा पानी: बरसात के बाद जगह-जगह पानी जमा हो जाता है, जिसमें मच्छर पनपते हैं। साथ ही दूषित पानी से पेट की बीमारियां फैलती हैं।

एलर्जी के कारक: धूल, परागकण (पोलन), फफूंद और प्रदूषण के कण हवा में बढ़ जाते हैं, जो एलर्जी और दमे के रोगियों को परेशान करते हैं।

खान-पान में लापरवाही: मौसम के अनुसार खान-पान और सोने-जागने के समय में बदलाव न करने से भी शरीर बीमार पड़ जाता है।

बचाव है संभव

इस मौसम में होने वाले रोगों से बचने के लिए आप कुछ उपाय आजमा सकते हैं।

लें पौष्टिक आहार: घर का ताजा और गर्म खाना खाएं। बाहर का खुला और तला-भुना भोजन, कटे हुए फल और बासी खाने से बचें। मौसमी फल, हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन लें। विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे अमरूद, आंवला, संतरा और नीबू का सेवन करें। भोजन में हल्दी, अदरक, लहसुन, तुलसी और काली मिर्च का प्रयोग करें, जो प्राकृतिक रूप से संक्रमण से लड़ने में सहायक माने जाते हैं। सूखे मेवे, दालें और अंकुरित अनाज प्रोटीन और ऊर्जा के अच्छे स्रोत हैं। बहुत अधिक मीठे पेय पदार्थों और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रखें।

हाइड्रेशन का रखें ध्यान: हमेशा उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं। दिनभर में पर्याप्त पानी पिएं। गुनगुना पानी, सूप, दाल का पानी और अदरक-तुलसी का काढ़ा भी लाभकारी है।

बीमार व्यक्ति से रहें दूर: सर्दी-खांसी वाले व्यक्ति से उचित दूरी बनाएं। यदि आप स्वयं बीमार हैं, तो घर पर आराम करें, ताकि संक्रमण दूसरों तक न फैले। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को टिश्यू या कोहनी से ढकें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।

पर्सनल हाइजीन का रखें ध्यान: हाथों को साबुन से कम से कम 20 सेकेंड तक धोएं, खासकर खाने से पहले, शौचालय के बाद और बाहर से आने पर। आंख, नाक और मुंह को बिना हाथ धोए न छुएं।

पहनें सही ड्रेस: परतों में ड्रेसेस पहनें, ताकि गर्मी या ठंड के हिसाब से उन्हें कम या ज्यादा किया जा सके। सुबह-शाम की ठंड से बचने के लिए हल्का जैकेट या शॉल साथ रखें। पसीने में भीगे कपड़े तुरंत बदलें और अचानक एसी या ठंडे कमरे से तेज गर्मी में न जाएं। एसी का तापमान 24-26 डिग्री से कम न रखें।

नाक, गले की देखभाल: जुकाम की शुरुआत में दिन में एक-दो बार भाप लें। गुनगुने पानी में चुटकी भर नमक डालकर दिन में 2-3 बार गरारे करें। सलाइन नेजल स्प्रे या ड्रॉप, धूल और एलर्जी में आराम देते हैं।

मच्छरों से सुरक्षा: घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। कूलर, गमलों, टायरों और छत पर रखे बर्तनों का पानी हर सप्ताह बदलें या खाली करें। खिड़कियों पर जाली लगवाएं और सोते समय मच्छरदानी या रिपेलेंट का उपयोग करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें, खासकर सुबह और शाम के समय। नालियों की सफाई और कीटनाशक के छिड़काव में सहयोग करें।

प्रदूषण से करें बचाव: बाहर निकलने से पहले वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) देखें। प्रदूषण अधिक होने पर बाहरी गतिविधियां कम करें और जरूरत के अनुसार अच्छी फिटिंग वाला एन-95 मास्क पहनें। सुबह की सैर तब करें जब हवा की गुणवत्ता बेहतर हो। प्रदूषण अधिक हो तो घर के अंदर हल्का व्यायाम करें। प्रदूषण अधिक होने पर खुले में व्यायाम करने से बचें। घर में एयर प्यूरीफायर या घर के अंदर लगाए जाने वाले पौधे उपयोगी हो सकते हैं। दमे और एलर्जी के मरीज अपनी दवाइयां और इनहेलर हमेशा साथ रखें। सार्वजनिक जगहों पर खासकर बंद जगहों (बस, मेट्रो, बाजार) में जाना यथासंभव अवॉयड करें। जरूरत के अनुसार मास्क पहनें।

करें व्यायाम: प्रतिदिन 5-10 मिनट डीप ब्रीदिंग, अनुलोम-विलोम करें। कम से कम 30 मिनट टहलें, योग या प्राणायाम करें। तनाव कम करने के लिए ध्यान, संगीत या परिवार के साथ समय बिताएं। रोज 7 से 8 घंटे की नींद भी जरूर लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

इन बातों का भी रखें ध्यान



गुनगुने पानी से गरारे, अदरक-तुलसी की चाय, हल्दी वाला दूध और भाप लेना हल्के सर्दी-जुकाम में आराम पहुंचा सकता है। लेकिन यदि लक्षण गंभीर हों या कुछ दिनों में ठीक न हों, तो घरेलू नुस्खों पर निर्भर रहने की बजाय चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए। बच्चों को स्कूल भेजते समय मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं, हैंड हाइजीन रखना सिखाएं और उन्हें ठंडे पेय और आइसक्रीम से कुछ समय के लिए दूर रखें। बुजुर्गों को नियमित दवाइयां समय पर देना, गर्म कपड़े पहनाना और ब्लड प्रेशर तथा शुगर की जांच कराते रहना जरूरी है। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा, विशेषकर बुखार या खांसी की सिरप न दें। इंफ्लूएंजा वैक्सीन लगवा सकते हैं। लेकिन बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, गर्भवती महिलाओं, दमा, मधुमेह या हृदय रोग से पीड़ित लोगों को इसके बारे में डॉक्टर से सलाह लें।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

आंवले का सेवन करना है फायदेमंद

इन दिनों सब्जी-फल मार्केट में आंवला खूब बिक रहा है। यह सिर्फ विटामिन-सी का भंडार ही नहीं है बल्कि कई रोगों से बचाव में भी सहायक है। इसीलिए हमारे खान-पान से लेकर अनेक तरह की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आंवले का प्रयोग सदियों से हो रहा है। कभी दादी-नानी के मुरब्बे, कभी खट्टी, कसैली या तीखी स्वाद वाली चटनी, तो कभी आंवले का जूस, कभी आंवले का अचार। इस फल को अनेक तरीकों से सेहत और स्वाद दोनों के लिए खाया जाता है।

विटामिन-सी का खजाना: आंवले की सबसे बड़ी पोषण विशेषता इसमें मौजूद विटामिन-सी है। यह विटामिन शरीर में कोलेजन के निर्माण, घाव भरने की प्रतिरक्षा तंत्र के सामान्य कामकाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आंवला एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाने में मददगार होता है। आंवला खाना शरीर को जरूरी पोषण देने का एक तरीका है। लेकिन इसे किसी बीमारी का पूर्णतः इलाज नहीं समझना चाहिए।



ये भी होते हैं पोषक तत्व: आंवले में विटामिन-सी के अलावा भी अनेक महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं। मसलन पॉलिफेनॉल जैसे जैव सक्रिय यौगिक। ये यौगिक शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव से जुड़ी प्रक्रियाओं पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह रक्त में वसा के स्तर, रक्त शर्करा और शरीर में सूजन से संबंधित समस्याओं पर बेहद सकारात्मक परिणाम देता है।

नियमित रूप से आंवला खाने से मधुमेह, हृदय रोग या दूसरी गंभीर बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलती है।

रखें ध्यान: जिन लोगों को गुर्दे की पथरी की समस्या हो, उन्हें विशेष रूप से अधिक मात्रा में आंवले का रस या इस पर केंद्रित सप्लीमेंट लेने से पहले अपने डॉक्टर से इस पर गंभीरता से सलाह लेना चाहिए। अधिक चीनी वाले आंवले का मुरब्बा भी सीमित मात्रा में सेवन करने चाहिए। डॉक्टर से कंसल्ट कर ही इसकी मात्रा निर्धारित करें।

ऐसे करें सेवन: ताजा आंवला अच्छी तरह धोकर काटें और अपनी सहनशीलता के अनुसार थोड़ी मात्रा से खाना शुरू करें।

चटनी के रूप में आंवला खाने के लिए इसे धनिया, पुदीना और दूसरे मसालों के साथ तैयार कर सकते हैं। कद्दूकस किया हुआ आंवला गाजर या खीरे के सलाद में डालकर खा सकते हैं। बिना अतिरिक्त चीनी वाले आंवला के रस को पिएं, लेकिन इसे पानी का विकल्प न मानें। आंवले का मुरब्बा या कैंडी खाते समय चीनी की मात्रा का ध्यान जरूर रखें। *

अवेयरनेस

डॉ. नरेश कुमार
सीनियर जनरल फिजिशियन
एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली

हालांकि देश में पोलियो इरेडिकेशन प्रोग्राम से वाइल्ड पोलियो वायरस से मुक्ति मिल चुकी है, लेकिन इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है। वर्ल्ड पोलियो डे (24 अक्टूबर) के अवसर पर जानिए इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

पोलियो से बचाव के लिए सतर्कता बरतना है जरूरी



पोलियो को चिकित्सा विज्ञान में पोलियोमाइलाइटिस कहा जाता है। यह बीमारी पोलियो वायरस के कारण होती है, जो मुख्य रूप से मुंह के रास्ते शरीर में प्रवेश करता है और आंतों में अपनी संख्या बढ़ाता है। कुछ मामलों में वायरस रक्त के माध्यम से केंद्रीय तंत्रिका तंत्र तक पहुंचकर उन तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, जो मांसपेशियों की गतिविधियों को नियंत्रित करती हैं। इससे मांसपेशियों में कमजोरी या स्थाई लकवा हो सकता है। कुछ मामलों में यह सांस की मांसपेशियों को भी प्रभावित करता है, जिससे जान भी जा सकती है।

बच्चों को ज्यादा रिस्क: पोलियो एक गंभीर संक्रामक बीमारी है। इसे 'बच्चों का लकवा' भी कहा जाता है। हालांकि यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है, लेकिन पांच साल से कम उम्र के बच्चों में इसका खतरा अधिक होता है। लगभग 200 संक्रमित बच्चों में से किसी एक में गंभीर रूप दिखता है, यानी पैरालिटिक पोलियो। लकवाग्रस्त बच्चों में से 5 से 10 प्रतिशत की मौत भी हो सकती है।

क्या है स्थिति: डब्ल्यूएचओ के अनुसार वैक्सीन की बदौलत आज दुनिया भर में पोलियो की बीमारी लगभग खत्म हो चुकी है। भारत में भी 'दो बूंद जिंदगी की' संदेश लेकर चला पल्स पोलियो अभियान काफी कारगर रहा। फिर भी इसके वाइल्ड पोलियो वायरस और वैक्सीन डिराइव्ड पोलियो वायरस का खतरा कई देशों में अभी भी मौजूद है। इसीलिए भारत में रुटीन इम्यूनाइजेशन के तहत बच्चों को ओपीवी और आईपीवी की खुराकें दी जाती हैं और समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान चलाए जाते हैं।

कैसे फैलता है: पोलियो वायरस इंसान के शरीर में मुंह के रास्ते दाखिल होता है। इसका मुख्य तरीका फीकल-ओरल रूट है, यानी दूषित पानी या खाना, साफ-सफाई की कमी, संक्रमित व्यक्ति के मल के संपर्क में आना। कभी-कभी खांसी या छींक के जरिए भी यह फैल सकता है। वायरस आंत में बढ़ता है और संक्रमित व्यक्ति के मल के जरिए हफ्तों तक बाहर निकलता रहता है। इसीलिए जहां सैनिटेशन कमजोर होता है, वहां यह तेजी से फैलता है।

रोग के लक्षण: पोलियो के ज्यादातर संक्रमित लोगों (लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा) में कोई लक्षण दिखते ही नहीं, लेकिन वे दूसरों को वायरस फैला सकते हैं। कुछ लोगों में हल्के लक्षण होते हैं। इनमें बुखार, थकान, सिरदर्द, उल्टी, गर्दन में अकड़न, हाथ-पैरों में दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी, गंभीर मामलों में हाथ या पैर में अचानक ढीलापन और लकवा होना।

पोलियो का इलाज: पोलियो का कोई प्रॉपर परफेक्ट इलाज नहीं है। एक बार लकवा हो जाए तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता। इलाज सिर्फ सपोर्टिव होता है- आराम, दर्द की दवा, फिजियोथेरेपी, ब्रेसेस या कैलिपर्स और गंभीर मामलों में सांस के लिए वेंटिलेटर। इसीलिए रोकथाम ही सबसे कारगर उपाय है।

बचाव के उपाय: पोलियो से बचाव के लिए टीकाकरण और संक्रमण की रोकथाम बेहद महत्वपूर्ण हैं। पोलियो से बचने के लिए मुख्य रूप से दो प्रकार के टीकों का इस्तेमाल किया जाता है। ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी), जो मुंह में बूंदों के रूप में दी जाती है। इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) यह इंजेक्शन के माध्यम से दी जाती है। बच्चों को समय पर इसकी सभी खुराकें दिलाएं। 5 साल से कम उम्र के हर बच्चे को ओपीवी की डोज पिलाएं, चाहे उसे पहले सारी खुराकें मिल चुकी हों। साफ-सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखें। खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोएं। साफ और सुरक्षित पीने का पानी इस्तेमाल करें। पानी उबालकर या फिल्टर करके पिएं। *

प्रस्तुति: सृजन अरोड़ा



डीजे में नाचने को लेकर विवाद, युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दशहरा उत्सव के दौरान डीजे में नाचने के दौरान दो गुटों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने विकराल रुप ले लिया और एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हत्या की वारदात होते ही मुड़ापार बस्ती में सनसनी फैल गई। हत्या के बाद पुलिस की टीम एक्शन में नजर आयी और पूरी रात ताबड़तोड़ छापामारी की। हत्या की वारदात में शामिल एक नाबालिग सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के मुड़ापार बाजार स्थित दशहरा मैदान की है। मंगलवार रात यहां रावण दहन का कार्यक्रम



आयोजित किया गया था। मैदान में बड़ी संख्या में लोग रावण दहन देखने के लिए मौजूद थे। मंच के समीप डीजे बज रहा था और दर्जनों युवक नाच रहे थे। डीजे में नाचने के दौरान युवकों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक गुट के युवकों ने कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी निवासी राहुल कुमार उर्फ गोल्डन उम्र 19 साल पिता शेषनाथ पासी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में राहुल की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और आरोपियों की तलाश में रातभर सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों में मुड़ापार निवासी विजय चौहान पिता फिरतरात चौहान उम्र 19 साल, आश्मित ऊर्फ बिट्टू पिता मंतोष चौहान, दीवाकर चौहान ऊर्फ सिप्पू चौहान उम्र 18 साल पिता विजय चौहान व एक नाबालिग को पुलिस ने पकड़ा है।

आरोपियों का सिर मुंडवा कर निकाला जुलूस

रावण दहन स्थल से शुरु हुआ विवाद हत्या तक पहुंच गया। हत्या के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर टीम मुड़ापार में डेरा डाले रही। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर मृतक राहुल के शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने रातभर सर्च ऑपरेशन चलाकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने हत्या के वारदात में शामिल तीन आरोपियों का सिर मुंडवाकर उनका जुलूस निकाला।

महिला की सड़क दुर्घटना में मौत: चिल्फीघाटी: कबीरधाम जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोक्करखार के पास ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान फगनी टेकाम, पिता गोरेलाल, निवासी ग्राम शंभूपीपर के रूप में हुई है। फगनी टेकाम ग्राम कुंडपानी में दशहरा देखकर लौट रही थीं। इसी दौरान ग्राम बोक्करखार के पास एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं थी।



12.41 लाख के हेरफेर का आरोप

कृषि दुकानों की जांच करने वाले विस्तार अधिकारी पर एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कृषि दुकानों में खाद और कीटनाशक दवाइयों के स्टॉक की जांच करने की जिम्मेदारी संभालने वाले कृषि विस्तार अधिकारी पर ही लाखों रुपये की कथित धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी राकेश कुमार रत्नेश के खिलाफ कारोबारियों से कीटनाशक दवाइयां लेकर भुगतान नहीं करने और भुगतान के नाम पर कथित तौर पर फर्जी हस्ताक्षर वाले चेक देने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। कसडोल थाना पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। शिकायत के अनुसार, आरोपी अधिकारी पर कृषि सेवा केंद्र संचालकों को विभागीय जांच, स्टॉक सत्यापन और लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई का भय दिखाकर कीटनाशक दवाइयां लेने का आरोप है।

मामला दर्ज होने के बाद आरोपी की तलाश जारी

एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक ने बताया की इस पूरे मामले में तीन लोगो का शिकायत प्राप्त हुआ है जिसके आधार पर अपराध दर्ज किया गया है। कसडोल थाना पुलिस आरोपी कृषि विस्तार अधिकारी की तलाश में जुटी है। जाँच के बाद आगे उचित कार्यवाही की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी के परिवार सहित फरार होने की बात भी सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। पुलिस जांच के दौरान यह स्पष्ट होगा कि इस मामले में कितने कारोबारी प्रभावित हुए, कितनी राशि का वास्तविक बकाया है और क्या अन्य लोग भी इस प्रकरण में शामिल हैं।



रामलीला के दौरान आग लगने से तीन कलाकार झुलसे

नगरी। ग्राम पंचायत छिपली में दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित रामलीला के दौरान आग लगने से तीन कलाकार झुलस गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में प्राथमिक उपचार के बाद हेमंत ध्रुव और दीपांशु सोम को गंभीर स्थिति के चलते जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया। वहीं तीसरे घायल तोषण साहू की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कलाकारों के शरीर पर ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। इसी दौरान रावण दल की ओर से आग के फुहारों का प्रदर्शन किया जा रहा था तभी अचानक आग की लपटें कलाकारों तक पहुंच गईं और तीनों आग की चपेट में आकर झुलस गए।

कवर्धा के बाद अब ग्राम सरेखा बटालियन में तेंदुए की दस्तक

कवर्धा। जिला मुख्यालय कवर्धा और आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए की सक्रियता से दहशत का माहौल बना हुआ है। हाल ही में शहर के स्नेहा अस्पताल परिसर में तेंदुए की मौजूदगी सामने आने के बाद अब कवर्धा से लगे ग्राम सरेखा स्थित 17वीं बटालियन परिसर में तेंदुआ विचरण करते हुए दिखाई दिया है। यहां तेंदुए ने एक पालतू कुत्ते का शिकार किया। वहीं, परिसर में एक जवान के करीब तेंदुए के पहुंचने की भी जानकारी सामने आई है। जवान ने भागकर अपनी जान बचाई। पूरी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद बटालियन परिसर में रहने वाले परिवारों और आसपास के लोगों में भय का माहौल है।



भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया, उठाए सवाल

भारत के दुश्मन वही लोग जो विदेशों से सीखे तख्तापलट, हिंसा और संसद में आग लगाना

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशहरा कार्यक्रम के दौरान 3 ताकतों को देश के खिलाफ बताया था। उन्होंने विपक्ष पर भी जोरदार हमला बोला था। अब पीएम मोदी के बयान के बाद भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि भारत का दुश्मन कौन है? पात्रा ने कहा कि भारत का दुश्मन वह व्यक्ति है, जो विदेश जाकर विदेशी ताकतों से यह सीखकर आता है कि भारत में तख्तापलट कैसे किया जाए, आगजनी कैसे की जाए, हिंसा कैसे भड़काई जाए, संसद में आग कैसे लगाई जाए और यहां चुनाव ठीक तरीके से कैसे न होने दिए जाएं? भारत का दुश्मन वह है, जो कहता है कि बांग्लादेश ने हमें रास्ता दिखाया है। भुवनेश्वर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पात्रा ने कहा कि बांग्लादेश हमारा प्रेरणा स्रोत है, क्योंकि वहां के लोगों ने दिखाया कि धार्मिक कट्टरपंथ के खिलाफ कैसे लड़ते हैं? भारत धार्मिक कट्टरपंथी देश नहीं है। जो लोग कहते हैं कि भारत में धार्मिक कट्टरपंथ के खिलाफ लड़ने के लिए हमें सत्ता परिवर्तन करना है, वे भारत के दुश्मन हैं।

हम भारत के दुश्मनों का दहन लोकतांत्रिक तरीके से करेंगे

भुवनेश्वर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रवक्ता पात्रा ने यह बात संवाददाताओं से कही



हमें सत्ता परिवर्तन करना है चाहे जो भी करना पड़े, इनसे सावधान रहें

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के साथ भारत के दुश्मनों जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। भारत के दुश्मन प्रशांत भूषण जैसे लोग हैं, जो कहते हैं कि हमें सत्ता परिवर्तन करना है, चाहे इसके लिए हमें कुछ भी क्यों न करना पड़े। सावधान इन सभी भारत के दुश्मनों से! हम भारत के दुश्मनों का दहन लोकतांत्रिक तरीके से करेंगे। यह काम वोट और जनता की जागरूकता के माध्यम से होगा। जनता के बीच सच्चाई रखकर हम उन पुतलों का दहन करेंगे।

नाइक का उदाहरण दिया

पात्रा ने कहा कि एक दुश्मन जाकिर नाइक है, जिसे उन्होंने आतंकवादी बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी ने राजीव गांधी फाउंडेशन के लिए उससे पैसे लिए थे। उसका एक स्टिंग ऑपरेशन हुआ है। इसमें कथित तौर पर उसने कहा कि उसे भारत आने में डर लगता है और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरता है। उसने यह भी कहा कि सत्ता परिवर्तन होने के बाद वह भारत लौट आएगा।

राहुल... सैटेलाइट लांचिंग में भी पीछे ईंधन होना चाहिए

पात्रा ने आरोप लगाया कि दाऊद इब्राहिम और जाकिर नाइक सत्ता परिवर्तन चाहते हैं, ताकि वे भारत लौट सकें। देश के कई दुश्मन सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। पात्रा ने कहा कि सत्ता परिवर्तन की मांग करने वाले उनके सरगना चाहते हैं कि राहुल गांधी बिना चुनाव लड़े ही लॉन्च हो जाएं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अरे, सैटेलाइट भी लॉन्च होती है, तो उसके पीछे ईंधन लगाना पड़ता है। ऐसे ही कोई लॉन्च नहीं हो जाता।

2.70 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों तक पहुंचेगी योजनाएं

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने आज देशभर में वित्तीय समावेशन अभियान की शुरुआत की। इसके तहत ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों के स्तर पर विभिन्न वित्तीय योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष पहल की जाएगी। यह अभियान 31 दिसंबर 2026 तक चलेगा और इसके दायरे में देश की 2.70 लाख ग्राम पंचायतों तथा शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाना है, जो अब तक इन सुविधाओं से पूरी तरह नहीं जुड़ पाए हैं। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के अनुसार, अभियान के दौरान बैंक विभिन्न सरकारी योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए शिविर आयोजित करेंगे।

अराजकता को बढ़ावा देकर लोकतंत्र को चुनौती दी जा रही : नवीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को भारत की युवा पीढ़ी को 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की जड़ों से जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आगाह किया कि वैश्विक स्तर पर अराजकता को बढ़ावा देकर विभिन्न देशों के लोकतंत्र को चुनौती देने के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जनसंघ के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि दुनिया में बदलती परिस्थितियां एक बड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। इसके लिए न केवल विचारधारा की निरंतरता, बल्कि नयी पीढ़ी को भारत की 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादी नींव' से गहराई से जोड़ने की भी जरूरत है। नवीन ने भाजपा के विस्तार और मजबूती का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और भाजपा तथा जनसंघ के कई अन्य नेताओं के समर्पण एवं कड़ी मेहनत को दिया। नवीन ने कहा कि मित्रो, हमें इस विस्तार को अपने मूल उद्देश्य के प्रति दृढ़ संकल्प से जोड़ने की जरूरत है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– 03/2026-27/RWD/CHATRA दिनांक– 21.10.2026

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र॰ सं॰	आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड	पंचायत / ग्राम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल सं॰
1	RWD/ CHATRA/03/ 2026-27	लावालौंग	मंधनियाँ	Maintenance of Road from Mandhaniya to Haldipur More (Length- 6.500 KM)	24298300.00	दो करोड़ बेआलीस लाख अन्ठानबे हजार तीन सौ मात्र	15 माह	प्रथम

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29.10.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.11.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.11.2026 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208
7. यदि बिडर / निविदादाता का कोई कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अथवा किसी भी अन्य विभाग में पिछले 06 (छः) माह से अधिक लंबित पाया जाता है तो उसकी निविदा को प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
8. किसी भी परिस्थिति में बिडर / निविदादाता के तकनीकी बिड खुलने / स्वीकृत होने के उपरान्त् ई–निविदा से वापस होने पर बिडर / निविदादाता के विरुद्ध SBD के नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 392140 Rural Work Department(26-27).D

कार्यालय, नगर पंचायत झगराखाण्ड जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

क्र./337/तक./न.पं.झ./2026-27 झगराखाण्ड, दिनांक 21/10/2026

।। ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ।।

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेंडर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि	समयावधि
01	202272	मेन रोड से वाटर ट्रिटमेंट प्लांट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। इंटकवेल से मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 04 में शिव मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 05 में कोरिया नीर से पंडाल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 08 में हास्पिटल से सुभाष एवं पुष्पा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 11 में सुधीर के घर से फारेस्ट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 13 में संजू यादव के घर से माडा देव तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 13 में तेजू के घर से रवि के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (15वां वित्त)	37.29	28000/-	03 माह
02	202273	वार्ड क्रमांक 10 में ओमप्रकाश विश्वकर्मा के घर से नाला तक आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 10 में माया के घर से विनोद के घर तक आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 14 में हनुमान मंदिर से सत्य प्रकाश त्रिपाठी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (15वां वित्त)	9.12	6900/-	03 माह
03	202274	वार्ड क्रमांक 04 में लल्लू के घर से बाबा के खेत तक आर.सी. सी. नाला निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 04 में मेन रोड से राजा कोल के घर तक आर.सी. सी. नाला निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 05 में भैयालाल के घर से सार्वजनिक शौचालय तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। वार्ड क्रमांक 14 में गंगा राम के घर से नाला तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य । वार्ड क्रमांक 14 में रामदुलार के घर से विनोद देवांगन के घर तक तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। (15वां वित्त)	20.24	15200/-	03 माह

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत झगराखाण्ड
जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल, जशपुर

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) में उपलब्ध निम्नांकित इमारती एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई–ऑक्शन द्वारा निर्वतन किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों को सलाह दी जाती है कि ई–ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई–ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार गम्हरिया से प्राप्त की जा सकती है।

डिपो का नाम - काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर), नीलाम दिनांक - 28.10.2026, नीलामी प्रारंभ - प्रातः 09:00 बजे से

प्रजाति	नीलाम में प्रस्तावित अनुमानित मात्रा						मिश्रित जलाऊ चट्टा
	नया लाट		पुराना लाट		योग		
	लट्ठा घ.मी.	बल्ली+डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली+डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली+डेंगरी नग	
1	2	3	4	5	6	7	8
सागौन	9.043	118	166.113	3545	175.156	3663	पुराना
साल	32.690	24	2230.450	7748	2263.140	7772	27
बीजा, शीशम, खम्हार	1.059	0	26.023	733	27.082	733	नया
अन्य प्रजाति	4.102	0	75.386	7097	79.488	7097	0
चिरान काष्ठ	0.326	0	3.557	0	3.883	0	
योग	47.220	142	2501.529	19123	2548.749	19265	27

उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है ।

टीप:– 01. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस.टी.सी. ई - कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।
02. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लाट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं ।
04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा

वनमण्डलाधिकारी
जशपुर वनमण्डल जशपुर

G-262704071/3

राहुल की विदेश यात्रा पर सवाल

थरूर बोले- किसी के बारे में क्या कहूं? मैं ट्रैवल एजेंट नहीं

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



सीईसी ज्ञानेश कुमार और एसआईआर के खिलाफ नयी दिल्ली में विपक्षी दलों के प्रदर्शन के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की विदेश यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि वह कोई 'ट्रैवल एजेंट नहीं हैं'। थरूर की यह टिप्पणी भाजपा द्वारा राहुल की विदेश यात्रा की आलोचना किए जाने के बाद आई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान 'झूठ बोल बोलकर' थक जाने के बाद राहुल छुट्टियां मनाने के लिए विदेश चले गए हैं। थरूर तिरुवनंतपुरम में थे, जहां संवाददाताओं ने उनसे पूछा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन जारी रहने के बीच राहुल विदेश क्यों गए हैं? मुझसे यह सवाल पूछने का कोई मतलब नहीं है। सभी की अलग बातें हैं। इसलिए मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com
CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

ऑपरेटर/मार्केटिंग

अतिशीघ्र आवश्यकता है– 1. कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 15000 से 25000 2. मार्केटिंग ऑफिसर 4,वेतन 25000 से 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालय:प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइल:- 8720005500.(आरो-815)

सुपरवाइजर/सुरक्षागार्ड

आवश्यकता है- वी.आई.पी. चौक, तेलीबांधा, एम.जी. रोड, टाटीबंध हेतु सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, की अतिशीघ्र आवश्यकता है। ड्यूटी 12 घंटे वेतन 12000-15000/- आयु सीमा- 25-45 वर्ष कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें। संपर्क नंबर- 9981144486.(आरो-A)

घरेलु नौकर

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभव कम से कम 5 वर्ष, शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000 प्रतिमाह सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क:- 9109136936, 9109972720.(आरो-096)

हरिभूमि

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(आरो-095)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- फटाका दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है। योग्यता- मेहनती व ईमानदार वेतन- 8000- 15000 दिवाली बोनस दिया जाएगा संपर्क करें- डागा फायर्स आजाद चौक रायपुर मो. 9340585453.(आरो-A)

ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर शहर में गैस सिलेंडर डिलवरी हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर को bolero महेंद्रा पिकअप चलाने का अनुभव होना चाहिए तथा हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस (Heavy Vehicle License) अनिवार्य है। रायपुर का स्थानीय निवासी होना। वेतन- 18,000/- प्रतिमाह। सम्पर्क:- 9183313130, 9179829993.(आरो-54)

हरिभूमि

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Business व्यापार

बिजनेस- पेपर बफे थाली प्लेट दोना एवं खुशबू अगरबत्ती हेतु निर्माता चाहिए, प्रतिमाह आय 21000 रु. दिवाली से 1 माह वेतन के बराबर बोनस 21000 रु. सहित दिवाली में 42000 रु. पश्चात नियमित 21000 रु. प्रति माह. आय मशीन व कच्चा माल की प्रथम लागत 10 से 15 लाख नियम शर्तें लागू संपर्क राधा कृष्ण सेवा संस्थान रायपुर. मों. 8109100493, 9669178483. कृष्ण कुमार वैष्णव पी.एम.आवास 580, ब्लॉक नंबर 6 दलदल सिवनी रायपुर छ.ग. मो. 8109100493.(आरो-234)

Property प्रापर्टी

मकान

मकान बेचना है- केलाबाड़ी पद्मभनापुर दुर्ग में बना हुआ दो मकान अतिशीघ्र बेचना है। खरीददार ही संपर्क करें:-78986-93788, 91659-36854.(आरो-4176)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें

62638-18152



आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी सामान खरीदने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी यात्रे-दाने पर अपना कार्य से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेने व संतुष्टि से निर्णय लेकर ही सेवा देवें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों को हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग

प्रायः सर्दियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

कनर्ल रिटा इन्द्र रिन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.पी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
मुलाकात अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नर्सों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस), आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंजिल, प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके - 6
सार्वजनिक सूचना

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस : ROC / C-PACE/STK-2/248 (2)/2026-27/1565 दिनांक: 06/10/2026

संदर्भ:

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (8) कम्पनियों का नाम छत्तीसगढ राज्य से हटाने के मामले में:

S.No	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC5734236	U01220CT2022PTC013596	महासमुंद पिथौरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
2	AC5733836	U72900CT2019PTC009555	मिश्री टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड
3	AC5695708	U72900CT2021PTC012084	वेदसी आईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
4	AC5464569	U63030CT2022OPC012729	प्रोटोस्टील लैब (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5757982	U08107CT2024PTC016775	फेरेनो मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5739093	U01110CT2021PTC012302	रेंगाखार फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
7	AC5736411	U01100CT2021PTC012355	कबीरधाम सीजी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
8	AC5739420	U77302CT2023PTC014458	माखल्लारी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

इरकन तिर्की
उप पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0690/2627

जैकेट के शेष

350 करोड़ की ....

साल समिति की अनुशंसा पर शासन ने कालेजों के खिलाफ सख्त कदम उठाया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अंतर की राशि, सात फीसदी ब्याज और दस-दस लाख का जुर्माना लगाया था। दिलचस्प बात यह रही कि शासन का आदेश विभाग की फाइलों में गुम हो गया। मेडिकल कालेज वालों की फीस के नाम पर ज्यादा राशि वसूली का क्रम जारी रहा। पीड़ित की शिकायतों के आधार पर एएफआरसी ने तीनों मेडिकल कालेजों को नोटिस भेजकर शासन के आदेश के पालन के संबंध में जवाब मांगा है।

लॉबी तगड़ी, पालकों पर दबाव भी : शिकायत करने पहुंचे निश्चय बाजपेयी ने एएफआरसी के अध्यक्ष डा. पांडे को बताया कि निजी मेडिकल कालेज दबाव बनाने में भी पीछे नहीं हट रहे हैं। ज्यादा फीस वसूली करने की शिकायत कालेज प्रबंधन से करने पर उन्हें बच्चों का एडमिशन कैंसिल करवाने की सलाह देकर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रायवेट मेडिकल कालेजों की लॉबी तगड़ी है और संभवतः उनके एप्रोच की वजह से पिछले साल शासन से जारी आदेश को चिकित्सा शिक्षा विभाग में ही दबा दिया गया है।

350 करोड़ से ज्यादा का मामला : तीनों मेडिकल कालेजों ने वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 में निर्धारित फीस से ज्यादा वसूली की थी। इस पर आपत्ति आने के बाद शासन ने तय फीस लेने और अंतर की राशि वापस करने आदेश दिया था। आदेश का पालन नहीं होने के बाद कालेजों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि उन्होंने वर्ष 2025-26 में भी इसकी वसूली कर डाली। इस बार आई शिकायत पर फीस नियामक समिति ने गंभीरता दिखाई है और मामले में तीनों कालेज प्रबंधन से जवाब-तलब करते हुए नोटिस थमाया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ....

स्थित इंडोर स्टेडियम पहुंचेंगी। यहां नुवाखाई के अवसर पर आयोजित सेवा सम्मान पर्व और युवा प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। बताया जा रहा है, इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लोक भवन आएंगी। इसके बाद रात सवा आठ बजे राष्ट्रपति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आमंत्रण पर नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में रात्रि भोज में शामिल होंगी। वहां से लौटकर लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी।

संघ प्रमुख भागवत....

बौद्धिक प्रमुख दीपक, सर संघचालक के निज सहायक सुमेध, अभा सह प्रचारक प्रमुख सुनील कुलकर्णी, अभा सह संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राकेश जैन, क्षेत्र प्रचारक मध्य क्षेत्र स्वप्निल, सह क्षेत्र प्रचारक मध्य क्षेत्र प्रेमशंकर सिदार, क्षेत्र कार्यवाह मध्य क्षेत्र अशोक अग्रवाल, क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख मध्य क्षेत्र नागेन्द्र, क्षेत्र संयोजक ग्राम विकास गतिविधि अनिल डागा, क्षेत्र संघचालक मध्य क्षेत्र डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना, प्रांत संघचालक छग प्रांत टोपलाल, प्रांत प्रचारक छग प्रांत अभय, सह प्रांत प्रचारक छग प्रांत नारायण नामदेव, प्रांत कार्यवाहक छग प्रांत चन्द्रशेखर देवांगन आदि भी शामिल होंगे। पहले दिन संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत बौद्धिक वर्ग को संबोधित करेंगे और दूसरे दिन संघ की प्रांत बैठक होगी, जिसमें संगठन कार्य विस्तार पर चर्चा एवं निर्णय लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि आरएसएस छत्तीसगढ़ प्रांत छत्तीसगढ़ प्रदेश हो जाएगा और यहां प्रदेश प्रचारक होगा। प्रदेश को दो हिस्सों में बांटने संभाग रचना बन रही है। एक हिस्से में बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, जशपुर, कोरिया, कोरबा का पूरा हिस्सा आएगा। दूसरे हिस्सा में रायपुर, दुर्ग व राजनांदगांव, राजिम, बस्तर संभाग का हिस्सा आएगा।

फ्रांस से लौटे ....

पेरिस गए थे और ये सब उन्होंने केंद्र सरकार के एनओसी न दिए जाने की चुनौती के बाद किया था। आप नेता ने कहा कि केंद्र का ये अहंकार अब खत्म होना चाहिए। दशहरा पर तो रावण का अहंकार भी खत्म हो गया था। इससे पहले, पंजाब आप के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने इस घटना को केंद्र सरकार द्वारा मान की विदेश यात्राओं को बार-बार अनुमति न देने, पंजाब के फंड को रोके रखने और किसानों के विरोध प्रदर्शन से निपटने के तरीके से जोड़ा। उन्होंने केंद्र पर पंजाब की प्रगति के रास्ते में रुकावटें पैदा करने का आरोप लगाया। पन्नू ने दावा किया कि सीएम मान दुनिया के दूसरे सबसे बड़े खाद्य महोत्सव में पंजाब के प्रसिद्ध उत्पादों को पेश करने गए थे। हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि मान को उचित प्रोटोकॉल दिया जाए, लेकिन केंद्र की मंशा इतनी खराब है कि पेरिस में महावाणिज्य दूत भी सीएम से मिलने नहीं आए। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री के प्रति केंद्र की नाराजगी और अपमानजनक व्यवहार यहीं नहीं रुका। पन्नू ने कहा, जब मान पेरिस से लौटे और दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे, तो उन्हें जानबूझकर 3 घंटे तक रोका गया। बहाने बनाए गए कि 'आपका सामान अभी आ रहा है' और 'आपके सामान की जांच की जा रही है।' ये बातें सरासर झूठी और पंजाब का अपमान थीं।

सीएम मान को ....

ग्रीन और दूसरा रेड। ग्रीन चैनल से यात्री तब जाता जब वो विदेश से कोई सामान ना लाया हो या अगर कोई सामान लाया हो तो वो डिक्लेयर कर दिया हो। रेड चैनल से यात्री तब जाता जब वो विदेश से सामान लाया हो तो वो डिक्लेयर करना हो। भगवंत मान और उनका स्टॉफ सामान को डिक्लेयर किए बिना ग्रीन चैनल से जा रहे थे इसलिए उन्हें रोका गया था।

पेज एक के शेष

टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण...

याचिका में 29 मई 2026 को पारित निर्णय के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। न्यायालय के निर्देशानुसार कक्षा पहली से आठवीं तक के ऐसे समस्त सेवारत शिक्षक, जिनकी सेवा अवधि पांच वर्ष या उससे अधिक शेष है, उन्हें सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति के लिए निर्धारित स्तर की टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राज्यों को निर्देशित किया गया है कि गैर-टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम दो बार शिक्षक पात्रता परीक्षा का विशेष आयोजन किया जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 24 सितंबर 2026 को शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर राज्य सरकार ने सहमति प्रदान की है।

निर्णय का स्वागत...

एसोसिएशन के बैनर तले लगातार विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने की मांग की जा रही थी, जिस पर शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने चर्चा पश्चात सकारात्मक आश्वासन दिया था। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने शासन से मांग की है कि कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा के स्थान पर पारंपरिक ओएमआर शीट के माध्यम से ऑफलाइन परीक्षा आयोजित की जाए। दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों में कार्यरत कई सेवारत शिक्षकों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा में तकनीकी कठिनाइयां और असुविधा हो सकती है, इसलिए ओएमआर पद्धति ही अधिक उपयुक्त और व्यावहारिक होगी।

जियो आईपीओ...30 हजार...

59.44 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां लगाईं। निर्गम के लिए 1,119रुपए के ऊपरी मूल्य पर लगाई गई बोलियों का मूल्य करीब 66,500 करोड़ रुपए रहा। वहीं, बड़े यानी एंकर निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्से के आवंटन से कुल मांग में 8,110 करोड़ रुपये और जुड़ गए। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित हिस्से को 9.02 गुना अभिदान मिला। वहीं गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में आरक्षित शेयरों के मुकाबले 1.58 गुना मांग रही। खुदरा निवेशकों की श्रेणी में 0.68 गुना अभिदान मिला। वहीं कर्मचारियों और शेयरधारकों के लिए आरक्षित हिस्सों को क्रमशः 1.30 गुना और 1.38 गुना अभिदान मिला। संस्थागत निवेशकों की मजबूत प्रतिक्रिया से पहले बड़े निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्से को भी अच्छी मांग मिली थी। जियो ने सोमवार को 212 बड़े निवेशकों को 1,119 रुपए प्रति शेयर की दर से करीब 8,110 करोड़ रुपए के शेयर आवंटित किए थे। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इस आवंटन के लिए मांग 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक रही थी। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को आईपीओ खुलने के महज 100 मिनट के भीतर पेश किए गए सभी शेयरों के लिए बोलियां मिल गईं। शुरुआती बोली की यह रफ्तार जियो को भारत के अन्य बड़े सार्वजनिक निर्गमों से अलग करती है। बजाज हाउसिंग फाइनेंस के आईपीओ को खुलने वाले दिन दोपहर दो बजे तक पूरा अभिदान मिल गया था, जबकि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के आईपीओ को 2025 में पहले दिन के अंत तक पूरा अभिदान मिला था। इससे पहले भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गम का रिकॉर्ड रखने वाले हुंदै मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ को 2024 में पहले दिन के अंत तक केवल 18 प्रतिशत अभिदान मिला था। जियो का आईपीओ शेयर जारी करने के तरीके के मामले में भी हुंदै और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्गमों से अलग है। उन दोनों कंपनियों के आईपीओ पूरी तरह मौजूदा शेयरधारकों की ओर से शेयरों की बिक्री के लिए थे। इसके विपरीत, जियो 27 करोड़ तक नए शेयर जारी कर रही है। इसका मतलब है कि निर्गम से मिलने वाली राशि कंपनी को मिलेगी, न कि हिस्सेदारी बेचने वाले शेयरधारकों को।

म्यूचुअल फंड भी पीछे नहीं : म्यूचुअल फंड ने 2.02 करोड़ शेयर के लिए बोलियां दीं। गैर-संस्थागत निवेशकों की ओर से भी मांग बढ़ी और उनके लिए आरक्षित हिस्से को 1.03 गुना अभिदान मिला। खुदरा निवेशकों की श्रेणी में अभिदान 0.58 गुना रहा। इस श्रेणी के लिए आरक्षित 8.50 करोड़ शेयर के मुकाबले 4.91 करोड़ शेयर के लिए बोलियां मिलीं। कर्मचारियों और शेयरधारकों के लिए आरक्षित हिस्सों को क्रमशः 1.15 गुना और 1.12 गुना अभिदान मिला।

सड़क हादसों में चार...

दोनों गांवों में शोक का माहौल है। कांकेर में हादसे के बाद नाराज गांव वालों ने बायपास पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। जानकारी के अनुसार नंदनमारा निवासी नवीन यादव और ऋषि कोर्राम मंगलवार, 20 अक्टूबर की देर रात माता विसर्जन देखने के बाद स्कूटी से घर लौट रहे थे। रात करीब 12 बजे कांकेर बायपास पर मेडिकल कॉलेज चौक के पास लखनपुरी निवासी कार चालक ने कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार सुबह बायपास पर चक्काजाम कर सड़क सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। सूचना पर एसडीएम सरस्वती बंजारे व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देकर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

राशिफल

मेष — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

सिंगर दलेर मेहंदी पर फिर बरसे मंत्री

'तबीयत ठीक नहीं थी, तो प्रोग्राम में क्यों आए, फीस क्यों ली?'

एजेंसी ▶▶| देहरादून



लेजेंडरी सिंगर दलेर मेहंदी पर उत्तराखंड के मंत्री सुबोध उनियाल ने नवरात्रि के कार्यक्रम में दारू पीकर स्टेज शो करने का आरोप लगाया। एक वीडियो धड़ल्ले से वायरल हुआ जिसमें मंत्री ने सरेआम दलेर मेहंदी को खरी खोटी सुनाई. उनपर नशे में होने और ऑडियंस को ठगने का आरोप लगाया। जैसे ही ये मुद्दा वायरल हुआ पूरा बॉलीवुड दलेर पाजी के सपोर्ट में आ गया। मीका ने भाई के सपोर्ट में कहा कि दलेर मेहंदी दारू नहीं पीते हैं। उन्होंने ये भी बताया कि सिंगर की तबीयत ठीक नहीं चल रही है। अब कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने दलेर की तबीयत ठीक ना होने के दावों पर रिएक्ट किया है। उनका कहना है अगर सिंगर की तबीयत ठीक नहीं थी, तो उन्हें प्रोग्राम का हिस्सा नहीं बनना चाहिए था।



हूतियों ने सऊदी सेना पर की बमों की बारिश

सना। यमन के ताइज प्रांत में हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब की सरकारी बलों के बीच लड़ाई फिर से तेज हो गई है। हाल के दिनों में हूती बलों ने ड्रोन स्वार्म का इस्तेमाल कर सरकारी सैनिकों के ठिकानों पर बमबारी की है। टैंकों और सैन्य पोजीशनों के आसपास विस्फोट हो रहे हैं। सैनिक कवर लेने को मजबूर दिख रहे हैं। हूती ताइज शहर की घेराबंदी को और मजबूत करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह घटनाक्रम 2022 के युद्धविराम के टूटने के बाद संघर्ष के नए चरण को दर्शाता है।

अखबार में लपेटकर ले जा रहे थे सवा करोड़ डालर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की है। सीआईएसएफ के जवानों ने एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान दो यात्रियों के पास से भारी मात्रा में विदेशी करेंसी बरामद की है। 19 अक्टूबर 2026 पर एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ कर्मियों को एक्स-रे स्क्रीनिंग मशीन में दो यात्रियों के हैंड बैगेज की तस्वीरें कुछ संदिग्ध लगीं। इसके बाद जवानों ने दोनों बैगों की तलाशी ली. जांच करने पर पता चला कि बैग के निचले हिस्से में चालाकी से विदेशी करेंसी छुपाई गई थी। पकड़े जाने से बचाने के लिए इन अमेरिकी डॉलर को अखबार में लपेटकर रखा गया था। तलाशी के दौरान एक यात्री के बैग से 74,900 अमेरिकी डॉलर और दूसरे यात्री के बैग से 45,000 अमेरिकी डॉलर बरामद हुए।

10 साल की पड़ोसी बच्ची के खिलाफ 7 दिन बाद एफआईआर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- डेढ़ साल की बच्ची को छठी मंजिल से फेंका था

मुंबई के गोरेगांव में डेढ़ साल की बच्ची की छठी मंजिल से गिरकर मौत मामले में पुलिस ने 7 दिन बाद हत्या की एफआईआर दर्ज की है। बच्ची की मां ने 10 साल की पड़ोसी बच्ची पर उसे नीचे फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पहले आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया था। घटना 14 अक्टूबर की रात हुई थी। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में नाबालिग लड़की छोटी बच्ची को उठाकर रेलिंग से खुले डक्ट में धकेलती दिखाई दी। इसके बाद वह वहां से भाग गई। सोसायटी के लोग घायल बच्ची को अस्पताल ले गए। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने पेश किया था। बोर्ड ने उसकी काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए और उसे माता-पिता की देखरेख में छोड़ दिया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

(1) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-106-26-27 दिनांकः 19.10.2026

कार्य का नामः- सिविल कार्यों के तहत मंदिरहसौद में FOB के लिए 04 लिफ्ट (13 लोगों की क्षमता वाली) लगाने की व्यवस्था।
निविदा मूल्यः ₹ 62,51,065/-, **ईमडीः** ₹ 1,25,000/-.

(2) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-107-26-27 दिनांकः 19.10.2026

कार्य का नामः- सिविल कार्यों के तहत भिलाई (BIA) में FOB के लिए 02 लिफ्ट (13 लोगों की क्षमता वाली) और भिलाई नगर (BQR) में FOB के लिए 04 लिफ्ट (13 लोगों की क्षमता वाली) लगाने की व्यवस्था। **निविदा मूल्यः** ₹ 93,76,597/-, **ईमडीः** ₹ 1,87,500/-, **निविदा प्रस्तुत करना :** 11.00 बजे तक दिनांक 12.11.2026, **निविदा खोलनाः** 11.00 बजे दिनांक 12.11.2026.

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय / एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/ डाउनलोड करें। मंडल अभियंता-III/ दपू.म.रे., रायपुर
पीआर/आर/इंजी./एएन/247
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना

क्रम सं. (1) : ई-निविदा संख्या : DRM-ENGG-BSP-T-179-26-27. दिनांक. 12.10.2026
कार्य : 30/08/2027 तक समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत उसालापुर (इन) से बेलगहना (इन) के बीच सफेद पुताई एवं रंगीन पुताई सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन।
निविदा मूल्यः ₹ 1,21,01,864.72/-। **अमानत राशि :** ₹ 2,42,200.00/-। **कार्य पूर्णता की अवधि :** 30.06.2027।

क्रम सं. (2) : ई-निविदा संख्या : DRM-ENGG-BSP-T-180-26-27. दिनांक. 12.10.2026
कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता / मध्य / बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एल. सी. न. 360, बी. के.-33 और बी. के.- 38 पर रबराइज्ड सतह लगाकर सड़क की सतह में सुधार।
निविदा मूल्यः ₹ 1,40,21,272.30/-। **अमानत राशि :** ₹ 2,80,400.00/-। **कार्य पूर्णता की अवधि :** 12 माह।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथि :- दिनांक 27.10.2026 के 11.00 बजे से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :-** दिनांक 10.11.2026 के 11:00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मण्डल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/456 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

न्यायालय नायब तहसीलदार राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.- 202609220600005 / अ- 19 वर्ष 2025-2026 ग्राम- कोपरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, नगर पंचायत कोपरा, तहसील राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 3761 रकबा 16.35 हे. में से 2.50 एकड़ भूमि को जल आवर्धन योजनांतर्गत जन संशोधन केन्द्र के निर्माण हेतु छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन विभाग के नाम पर आबंटन चाहा गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा / आपत्ति या उजर दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30/10/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
राजिम (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

Phone No. 07836-232224 Email ID- nppbkp@gmail.com
क्र./ 3099/ न.पा.परि./ लो.नि./ 2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक 16/10/2026

-:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत के ठेकेदारों/फर्म से नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर में विभिन्न निर्माण कार्य करने हेतु प्रथम एवं चतुर्थ निविदा का प्रकाशन किया गया है। उक्त निविदा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जमा किये जाने हेतु प्रथम निविदा की अंतिम तिथि 06.11.2026 एवं चतुर्थ निविदा की अंतिम तिथि 27.10.2026 को सायं 3:00 बजे एवं प्राप्त प्रथम निविदा खोलने हेतु दिनांक 07.11.2026 एवं चतुर्थ निविदा खोलने हेतु दिनांक 27.10.2026 सायं 4:00 बजे है। एवं उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। एवं विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेवसाईट www.uad.cg.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

- : स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें । :-

भारतीय रिज़र्व बैंक
सार्वजनिक सूचना

वाइकॉनिक व्यापार प्राइवेट लिमिटेड ने, जिसका पंजीकृत कार्यालय "वंदना बिल्डिंग", एम.जी. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001 में अवस्थित है, दिनांक 06 मई, 2026 के अपने पत्र द्वारा अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र (सीओआर) का अभ्यार्पण किया है तथा भारतीय रिज़र्व बैंक से अनुरोध किया है कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आई ए के तहत उसे जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र (सीओआर) को निरस्त किया जाए।

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (अधिनियम) की धारा 45-आई ए (6) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक दिनांक 13 अक्टूबर, 2026 के अपने आदेश द्वारा **वाइकॉनिक व्यापार प्राइवेट लिमिटेड**, (CIN- U51909CT1995PTC008079) को अधिनियम की धारा 45- आई(ए) के अधीन वर्णित नॉन बैंकिंग फ़ाइनेंशियल इस्टीट्यूशन का कारोबार करने के लिये जारी दिनांक 21 मई, 2021 का पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या B-03.00213 को निरस्त करता है। अतः यह कंपनी अधिनियम में वर्णित नॉन बैंकिंग फ़ाइनेंशियल इस्टीट्यूशन का कारोबार नहीं कर सकती है।

इसे जन हित में जारी किया जा रहा है।

स्थान: नागपुर क्षेत्रीय निदेशक

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय- कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्रॉ.कं.लि. महासमुन्द

// बिजली बन्द की सूचना //

महासमुन्द संभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132/33 के.व्ही. महासमुन्द तथा 132/33 के.व्ही. सुनसुनिया उपकेन्द्र में दीपावली पूर्व मेंटेनेंस कार्य हेतु उक्त उपकेन्द्रों से निकलने वाली निम्नलिखित 33/11 के.व्ही. फीडरों की विद्युत आपूर्ति निम्न दर्शायी गई तिथियों के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	दिनांक	33/11 के.व्ही. फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	22.10.2026 गुरुवार	33 के.व्ही. बागबाहरा फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नवागांव (बागबाहरा) एवं कुलिया से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ता।
2	23.10.2026 शुक्रवार	33 के.व्ही. सुनसुनिया फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र दरगांव, सुनसुनिया एवं कस्तूरबोड़ से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ता।
3	24.10.2026 शनिवार	33 के.व्ही. बागबाहरा फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मामाभांचा, झारा, खल्लारी एवं चरौदा से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ता।
4	26.10.2026 सोमवार	33 के.व्ही. टेमरी फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मुनगासेर एवं टेमरी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ता।
5	27.10.2026 मंगलवार	33 के.व्ही. खल्लारी फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खल्लारी एवं झारा से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ता।
6	28.10.2026 बुधवार	33 के.व्ही. सुनसुनिया फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र दरगांव एवं कस्तूरबोड़ से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ता।
7	29.10.2026 गुरुवार	33 के.व्ही. मुनगासेर फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मुनगासेर एवं कोल्दा से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ता।
8	30.10.2026 शुक्रवार	33 के.व्ही. नर्रा फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नर्रा, परसुली एवं कोसमर्रा से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ता।
9	31.10.2026 शनिवार	33 के.व्ही. घोयनाबाहरा फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोमाखान, घोयनाबाहरा एवं देवरी से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडर से जुड़े निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ता।

"विद्युत संबंधित शिकायत 1912 में दर्ज करायें।"
"लाईन विच्छेदन की कार्यवाही से बचने के लिए अपने विद्युत देयक का भुगतान प्रतिमाह करें।"

(पी.आर. वर्मा)
कार्यपालन यंत्री (सं/ सं) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि.महासमुन्द

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति महासमुन्द जिला- महासमुन्द (छ.ग.)
E Mail - mandi-msamund.cg@nic.in, apmc.msmd013@gmail.com

क्र./मंडी/निर्माण/ 2026-27/486 महासमुन्द दिनांक 21/10 /2026

// शेण्ड्रीशॉप नीलामी की सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी प्रांगण पिटियाझर महासमुन्द 06 नग निर्मित शेण्ड्रीशॉप का निर्माण कराया गया है जिसमें से 02 नग (क्र. 05 एवं 06) शेण्ड्रीशॉप की नीलामी दिनांक 03.11.2026 दिन मंगलवार को समय दोपहर 1.30 बजे मंडी कार्यालय महासमुन्द में की जावेगी।

1. इच्छुक व्यक्ति नीलाम में भाग लेने हेतु निर्धारित अमानत राशि का डी. डी. जो सचिव कृषि उपज मण्डी समिति महासमुन्द के नाम से देय हो अथवा नगद राशि निम्नानुसार मंडी कार्यालय महासमुन्द में जमा कर सकते हैं :-

नीलामी विवरण	निर्धारित अमानत राशि	अमानत राशि जमा करने की अंतिम तिथि
नवीन मण्डी प्रांगण में निर्मित शेण



तांडव कर यश ने दिखाई लंकेश की पहली झलक

मुंबई। नितेश तिवारी की 'रामायण' में अभिनेता यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माताओं ने उनके किरदार की नई झलक फैंस को दिखाई है। इस वीडियो को हिंदी में 'राइज ऑफ असुर' शीर्षक दिया गया है। इसमें यश बिल्कुल ही अलग अंदाज में दिख रहे हैं। इस गाने का संगीत ए आर रहमान ने दिया है, डॉ. कुमार विश्वास ने गीत लिखे हैं और विशाल ददलानी ने हिंदी संस्करण को अपनी आवाज दी है। इस वीडियो की शुरुआत रावण द्वारा अपनी हथेली को कटार से काटने और फिर माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाने से होती है, क्योंकि वह अनुष्ठान के लिए तैयार हो रहा होता है।



लाइफ Style

नयनतारा

मूकुथी अम्मन 2 में देवी के रूप में आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

नयनतारा 'मूकुथी अम्मन 2' में एक बार फिर देवी के रूप में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह पौराणिक खलनायकों से मुकाबला करते दिखाई देंगी। सुंदर सी द्वारा निर्देशित यह सीक्वल 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

21 अक्टूबर को मेकर्स ने 'मूकुथी अम्मन 2' का ट्रेलर शेयर कर दिया है, जिसमें नयनतारा एक पुलिस अधिकारी और एक देवी के दोहरे किरदार में नजर आ रही हैं। इस फिल्म में वह 2020 की फिल्म वाले देवी के अपने किरदार को दोहरा रही हैं। साथ ही एक ऐसी पुलिस अधिकारी का रोल भी निभा रही हैं, जिसे मासूम लोगों को नुकसान पहुंचाने वाले पौराणिक खलनायकों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर में रेजिना कैसेंड्रा और दुनिया विजय पौराणिक खलनायकों के रूप में नजर आते हैं, जो पृथ्वी को नष्ट करने और अपनी ताकत बढ़ाने के लिए धरती पर आते हैं। जैसे-जैसे खतरा बढ़ता है, बच्चों और अन्य मासूम लोगों की जान खतरे में पड़ जाती है। नयनतारा का पुलिस अधिकारी वाला किरदार एक ऐसी डरपोक महिला का है, जो बहुत ही साधारण चीजों से भी घबरा जाती है। यहां तक कि अकेले सोने से भी। हालांकि, जब 'मूकुथी अम्मन' का आह्वान किया जाता है तो वह राक्षसों से मुकाबला करती हैं। ट्रेलर में नयनतारा के इन दोनों रूपों एक डरी हुई पुलिस अधिकारी और एक देवी को बखूबी दिखाया गया है। इसके विजुअल्स में सुंदर सी. की फिल्मों से जुड़ी भव्यता और बड़े पैमाने की झलक भी देखने को मिलती है। सुंदर सी. द्वारा निर्देशित यह सीक्वल 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है।

हॉलीवुड मसाला



गोल्डन ग्लोब्स के नियमों से

हारा माइकल

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'माइकल' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। फैंस की नजरें फिल्म की सफलता का बाद गोल्डन ग्लोब्स पर टिकी थीं। मगर इस बार उन्हें निराशा का समना करना पड़ सकता है। पॉप म्यूजिक के महारथी दिवंगत माइकल जैक्शन की फिल्म का म्यूजिक इस अवॉर्ड का हिस्सा नहीं होगा। गोल्डन ग्लोब्स पुरस्कार समिति ने लायंसगेट की ब्लॉकबस्टर माइकल जैक्सन बायोपिक को 2027 के समारोह में संगीत या कॉमेडी श्रेणी में शामिल करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।



प्रियंका और निक ने बेटी के साथ किया कन्या पूजन

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने बेटी मालती मैरी के साथ नवमी और दशहरे पर घर में कन्या पूजन किया। प्रियंका ने पूजा की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें मालती देसी अंदाज में नजर आईं। विदेश में रहने के बावजूद प्रियंका अपनी बेटी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ रही हैं। दोनों ने मालती के पैर धोकर पूजा की रस्म पूरी की। इस खास मौके पर परिवार के बीच भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति जुड़ाव देखने को मिला। प्रियंका ने इस खास पल की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जिनमें वह निक और मालती के साथ पूजा करती नजर आईं। तस्वीरें साझा करते हुए प्रियंका ने लिखा, 'मां दुर्गा की शक्ति, हमारी प्रार्थनाओं की पवित्रता और दशहरे की भावना आज, कल और हमेशा हमारे साथ बनी रहे।'



आर्थिक तंगी की फर्जी खबरों पर फूटा गुस्सा

नई दिल्ली। कुछ समय पहले इस तरह की खबर आई थी कि अभिनेत्री अनीता कंवल आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं और उन्होंने पैसों की मदद मांगी है। अब एक्ट्रेस ने इन खबरों का खंडन करते हुए इन्हें अफवाह बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छह महीने पहले दिए गए एक इंटरव्यू में उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया गया था। अभिनेत्री ने कहा कि इन खबरों की वजह से उन्हें काफी परेशानी हुई है और उनकी नींद तक उड़ गई है। अनीता ने एक वीडियो शेयर करके अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सुबह के 3.45 बज रहे हैं और वो सो नहीं पा रही हैं। वह इस बात से परेशान थीं कि कुछ न्यूज चैनलों ने उनकी आर्थिक स्थिति को किस तरह पेश किया है। बता दें कि अनीता कंवल ने कभी हां कभी ना में शाह रुख खान और गांगाजल में अजय देवगन जैसे एक्टर्स के साथ काम किया है।



पुलिस कंपनी में दिखेगी अंडरवर्ल्ड की कहानी

मुंबई। बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड और अपराध की दुनिया पर कई फिल्में बना चुके डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा एक बार फिर इसी विषय पर फिल्म लेकर आ रहे हैं। उनकी अपकमिंग क्राइम ड्रामा फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म में एक्टर हर्षवर्धन राणे के साथ फरदीन खान, फातिमा सना शेख और परेश रावल समेत कई कलाकार नजर आएंगे। फिल्म 'पुलिस कंपनी' में अभिनेता हर्षवर्धन राणे मुंबई के चर्चित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पुलिस अधिकारी दया नायक की भूमिका निभाएंगे। 'पुलिस कंपनी' की कहानी सच्ची घटनाओं और असल जिंदगी के किरदारों से प्रेरित है। प्रेस रिलीज के मुताबिक, फिल्म में उन परिस्थितियों को दिखाया जाएगा, जिनके चलते करीब 300 गैंगस्टर्स मारे गए थे।

कपिल ने ऋषभ को बताया 'लड़कों का तमन्ना'



नई दिल्ली। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के अगले एपिसोड में फिल्म 'धुरंधर' से जुड़े संगीतकार सतिंदर सरताज, जैस्मिन सैंडलस, शाश्वत सचदेव और सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा नजर आएंगे। शो के नए प्रोमो में कॉमेडी के साथ म्यूजिक का जबरदस्त संगम देखने को मिल रहा है। शो के प्रोमो में कपिल शर्मा सभी मेहमानों का स्वागत करते नजर आ रहे हैं। कपिल ऋषभ रिखीराम शर्मा को क्लासिकल म्यूजिक, सतिंदर सरताज को सूफी संगीत, जैस्मिन सैंडलस को पॉप म्यूजिक और शाश्वत सचदेव को हर तरह के संगीत में माहिर बताते नजर आ रहे हैं। इसके बाद कपिल शाश्वत सचदेव के नेशनल अवॉर्ड जीतने और फिल्म 'धुरंधर' की सफलता के बाद शो में आने पर भी मजाक करते हैं।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर कैंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

टीवी मसाला



केबीसी में प्रतियोगी की कहानी सुनकर भावुक हुए बिग बी

नई दिल्ली। टीवी का फेमस क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 18वां सीजन चल रहा है, जिसमें आए दिन प्रतियोगी अपनी दिलचस्प कहानियों, संघर्ष की दास्तां शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के सामने सुनाते हुए नजर आते हैं। अब इसके हालिया एपिसोड में एक ऐसा ही किस्सा देखने को मिला। एक कंटेस्टेंट ने अपने जीवन के सबसे कठिन दौर और संघर्ष की ऐसी कहानी बिग बी के साथ शेयर की। उसे सुनने के बाद महानायक अमिताभ बच्चन भी भावुक हो गए। कंटेस्टेंट ने अपनी गंभीर बीमारी और अपने पिता द्वारा दिए गए जीवनदान के बारे में विस्तार से बताया। शो का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कंटेस्टेंट अपनी कहानी सुनाते हुए नजर आ रहा है। शख्स ने बताया, 'मुझे जिंदगी दो बार मिली है। एक बार मेरी मम्मी ने दी और एक बार पापा ने।' फिर कंटेस्टेंट ने आगे बताया कि उन्हें खाना हजम नहीं होता था। फिर डॉक्टर ने उन्हें बताया कि उनकी दोनों किडनी सिर्फ 3 प्रतिशत काम कर रही है। कंटेस्टेंट ने आगे बताया कि फिर उन्होंने तय किया कि अब किडनी ट्रांसप्लांट करवा लेना चाहिए। लाख बार मना करने के बावजूद भी उनके पिता ने कहा कि वह ही उन्हें किडनी देंगे। एक इन अचानक फिर से कंटेस्टेंट के पेट में दर्द हुआ और डॉक्टर ने बताया कि मुझे अटैक आया है। इसकी वजह से उनके बचने के चांस सिर्फ 20 प्रतिशत ही रह गए थे। इसकी वजह से जो किडनी उनके पिता ने दी थी वो भी डैमेज हो गई। कंटेस्टेंट ने लास्ट में कहा कि मेरे मम्मी पापा ने पूरी जिंदगी मेरे लिए बहुत त्याग दिए हैं। अब मैं उन्हें एक बेहतर जिंदगी देना चाहता हूं। कंटेस्टेंट की दास्तां सुनकर अमिताभ बच्चन काफी भावुक हो गए। उनके चेहरे पर सहानुभूति और मायूसी साफ नजर आ रही थी। प्रोमो के कमेंट में भी यूजर शख्स की तारीफ कर रहे हैं और उसके जज्बे को सलाम कर रहे हैं। वहीं, कुछ लोग उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थनाएं कर रहे हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधा: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

बैंक के सामने खड़ी स्कूटी से 58 हजार पार : महासमुंद। बैंक के सामने खड़ी स्कूटी से नगदी रकम चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। किराना व्यवसायी धरमचंद जैन ने बताया कि 19 अक्टूबर को वह कलेक्शन के नगदी 58130 रुपए को बैग में भरकर स्कूटी की डिक्की में रखा था। दोपहर एक्सिस बैंक बीटीआई रोड के सामने वह अपने स्कूटी को खड़ी कर बैंक अंदर गया था, स्कूटी की डिक्की को खोला तो देखा कि डिक्की में रखा न बैग नहीं था।

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

द्वितीय निविदा आमंत्रण ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website - www.cgmsc.gov.in
Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

स. क्र.	नि.आ. सू.क्र.	कार्य का नाम	राशि (रू. लाख)
1	11205	जिला कोरबा के 50 बिस्तरीय क्रिटीकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) कोरबा में लिफ्ट स्थापना कार्य। (प्रपत्र - अ)	58.26
2	11206	जिला रायगढ़ वि.ख. तमनार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सराईपाली में निर्माण एवं । उन्नयन कार्य।	24.02
3	11207	जिला रायगढ़ वि.ख. तमनार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उरबा में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	25.38
4	11208	जिला रायगढ़ विख तमनार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लिबरा में निर्माण एवं उन्नयन कार्य।	25.88
		निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 22/10/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 06/11/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।	

S-49515/1 sd/- अधीक्षण अभियंता

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन
सरदार वल्लभभाई पटेल भवन, प्रथम एवं द्वितीय तल, कयाबांधा सेक्टर-24 अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.). 492018

निविदा सूचना क्रं. / 483138 GENS / 51769/2026-SECTION CGMSCL/उपकरण दिनांक 21.10.2026

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड नवा रायपुर (छ.ग.) के द्वारा निम्नांकित साम्पातिक उपकरण में उपयोग होने वाले रिएजेंट / कन्ज्युमेबल / कंट्रोल आदि का क्रय, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-70/2004/11/6 दिनांक 26.07.2023 एवं 10.12.2025 के अंतर्गत 'छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम – 2002 (यथा संशोधित 2022) के एकल निविदा में उल्लेखित उपनियम 4.3.1 के तहत उक्त सामग्री को बनाने वाली एकल निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेता से सीधे क्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

S. N.	Name of Medical College	Name Of Equipment	Make & Model	Name of Authorized Distributor & Address (Authorized By OEM)
1	Joint Director cum Hospital Supritendent Shaheed Mahendra Karma "Memorial Hospital, Dimrapal Jagdalpur	Hematology Analyzer	Make-Orbit Diagnostics Pvt. Ltd. Model-Pathocell	M/s Danteshwari Scientific Company, Room No. 8, umikom Healthcare, Behind BRKM Medical College, Pamela Pandripani, Jagdalpur (C.G.) 494001
2	Joint Director cum Hospital Supritendent Shaheed Mahendra Karma "Memorial Hospital, Dimrapal Jagdalpur	Electrolyte Analyzer	Make-M/s. Carewell Biotech Pvt. Ltd. Model-Carelyte 503/503/CA Series/H DC Lyte	M/s Braxis Medical Systems, Block C 302 Avinash Woods, Guru Gobind singh Ward No. 36, Dhrampura, jagdalpur-49001
3	Joint Director cum Hospital Supritendent Shaheed Mahendra Karma "Memorial Hospital, Dimrapal Jagdalpur	Blood Gas Analyzer	Make-M/s. Nova Biomedical Corporation Model-Nova Prime	M/s. ARCK ENTERPRISES, A- 23, 1st floor Azad nagar, Ayodhya Bypass Road, Bhopal (M.P.)
4	Joint Director cum Hospital Supritendent Shaheed Mahendra Karma "Memorial Hospital, Dimrapal Jagdalpur	Hematology Analyzer	Make- M/s Trivitron Healthcare Pvt. Ltd. Model-Cellenium 21	M/s Chhattisgarh Healthcare Services, Street-6, Ashish Nagar, West Risali, Bhilai Durg (C.G.) -490006
5	Joint Director cum Hospital Supritendent Shaheed Mahendra Karma "Memorial Hospital, Dimrapal Jagdalpur	Hematology Analyzer	Make-Meril Diagnostics Model-Merilyzer Cell Quant 5 Plus (5Parameter)	M/s Shradha Medical , Dharampura Road, Jagdalpur, Bastar, (C.G.)
6	Joint Director cum Hospital Supritendent, Govt. Medical College Affiliated Hospital, Rajnandgaon	Fully Biochemistry Analyzer	Make-Trivitron healthcare Model-Nanolab200	M/s ShreeJee Enterprises, Sahu Provision store Ekta Chouk Laxmi Nagar, Raipur
7	Joint Director cum Hospital Supritendent, Govt. Medical College Affiliated Hospital, Rajnandgaon	Biomarker Anlayzer	Make-Nano ditech Model-Nano checker 710	M/s ANS Enterpirses, A 303 Virasat, vijay nagar chowk Avanti vihar, Raipur-492006 (C.G.)
8	Joint Director cum Hospital Supritendent, Govt. Medical College Affiliated Hospital, Rajnandgaon	Hematology 5-Part Analyzer	Make-Trivitron health-care Model-Cellenium 5D Retic	M/s ShreeJee Enterprises, Sahu Provision store Ekta Chouk Laxmi Nagar, Raipur
9	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Fully Automated Urine Analyzer	Make-Sysmex Model-UN 3000-11 (UC-3500+UF-5000+UD10)	M/s SPSS Mediline LLP. S-G3, First Floor and Part Basement, Okhla industrial Area Phase II, New Delhi-110020 (India)
10	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Electronic Blood Cell Counter with Six Part Differential	Make-Sysmex Model-XN-1000	M/s Medex India (P) Ltd., S-63, Ground Floor, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020 (India)
11	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Hemodialysis Machine	Make-Fresenius Medical Care Model-4008S	M/s Balaji Surgical Gol Chowk, Back side of Sai Mandir, Rohnipuram, Raipur (C.G.)
12	Office of the Hospital Superintendent and Academic Incharge, DKS Post Graduate Institute and Research Center, Raipur	Vac Machine (Negative Pressure Lowe Closure System)	Make- KCI Medical Model-Vac Ultra	M/s KCI Medical India Pvt. Ltd. Level 4, North Tower, Safina Towers, Ali Asker Road, Vasanth Nagar, Bengaluru – 560052, India
13	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Immuno Haematology Grouping and Cross Matching	Make-Tulip Diagnostics Pvt. Ltd. Model-Matrix Card Reader, CC-800, Lisaquant-IT, Lisawash-3000, CW-2400	M/s Matushree Trading Company, Pt. Awadh Bihari Pandey Parisar, Vyapar Vihar Road, Bilaspur (C.G.)
14	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Automated Immunoassay Analyzer	Make-J.Mitra & Co. Pvt. Ltd. Model-CLIA - 2000	M/s Matushree Trading Company, Pt. Awadh Bihari Pandey Parisar, Vyapar Vihar Road, Bilaspur (C.G.)
15	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Automated Immunoassay Analyzer	Make-J.Mitra & Co. Pvt. Ltd. Model-CLIA-181	M/s Medizone, Shop No. 6 Gomantika Parisar, Jawahar Chowk, Bhopal Madhya Pradesh
16	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Electrolyte Analyzer	Make-Horiba Model-Yumizen E60	M/s Matushree Trading Company, Pt. Awadh Bihari Pandey Parisar, Vyapar Vihar Road, Bilaspur (C.G.)
17	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	9 Part Hematology Analyzer	Make-Horiba Model-Yumizen H 500	M/s Matushree Trading Company, Pt. Awadh Bihari Pandey Parisar, Vyapar Vihar Road, Bilaspur (C.G.)
18	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Blood Gas Analyzer	Make-Eschweiler GmbH Co. Model-Combi line II	M/s. CL Micromed Pvt. Ltd., T- 17, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020
19	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Electrolyte Analyzer	Make-Transasia Bio Medical Ltd. Model-EC-90	M/s S.S. Enterprises, G-21, Sai Vilas, Bhatagaon,Raipur (C.G.)
20	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital Koni, Bilaspur	Urine Analyzer	Make-Transasia Bio Medical Ltd. Model-Laura	M/s S.S. Enterprises, G-21, Sai Vilas, Bhatagaon,Raipur (C.G.)
21	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	ESR Analyzer	Make-Transasia Bio Medical Ltd.Model-ESL-30	M/s S.S. Enterprises, G-21, Sai Vilas, Bhatagaon,Raipur (C.G.)
22	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Fully Automatic Clinical Chemistry Analyzer	Make-Transasia Bio Medical Ltd. Model-XL-1000	M/s S.S. Enterprises, G-21, Sai Vilas, Bhatagaon,Raipur (C.G.)
23	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Coagulation Analyzer	Make-Transasia Bio Medical Ltd. Model-ECL-105	M/s S.S. Enterprises, G-21, Sai Vilas, Bhatagaon,Raipur (C.G.)
24	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	6 Part Hematology Analyzer	Make-Transasia Bio Medical Ltd. Model-H-7100	M/s S.S. Enterprises, G-21, Sai Vilas, Bhatagaon,Raipur (C.G.)
25	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	HPLC Analyzer	Make-Transasia Bio Medical Ltd. Model-HB Vertex	M/s S.S. Enterprises, G-21, Sai Vilas, Bhatagaon, Raipur (C.G.)
26	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Dry View 6950 Laser Imaging System	Make-Carestream Health Inc. Model-6950	M/s blueline Healthcare, 233/4, Blueline House, Near Shristi, Garden, Ring RD No 1, Telibandha, Raipur, (C.G.)
27	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Fuji Medical Dry Laser Imager DryPix (3 Tray Online) Laser Imager	Make-Fujifilm Corporation Model-DRYPIX 8000	M/s Wingmed Healthcare, Samved Shikhar, 11, Graund Floor, Beside Dainik Bhaskar Comples, Raipur - 492001 (C.G.)
28	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	Continues Renal Replacement Therapy	Make-Baxter India Pvt. Ltd. Model-Prisma Flex 8.2	M/s GKS Healthsol LLP. B1/Palm Grove Villa, Ardee City, Sector 52, Gurgaon haryana-122003
29	Kumar Saheb Late Shri Dilip Singh Judev Ji Govt. Superspeciality Hospital. Koni, Bilaspur	RO 1000 LPH	Make-Synergy Filtration Pvt. Ltd. Model-1000 LPH	M/s CL Micromed Pvt. Ltd., T- 17 Okhla Industrial Area, Phase- II, New Delhi-110020
30	Joint Director and Superintendent, Sant Baba Guru Ghasidas Ji Memorial Government Hospital, Ektal Road Raigarh	3 Part Hemotology Anlayzer	Make-Meril Diagnostic Pvt. Ltd. Model-CelQuant 3i Serial No. C3250663	M/s Global Enterprises, Plot No. 10, Aushdhi Vatika Dumartarai Raipur-492001
31	Dean, Late Shri Lakhiram Agarwal Memorial, Govt. Medical College, Raigarh	5 Part Hemotology Anlayzer	Make-Meril Diagnostic Pvt. Ltd. Model-Merilyzer Cell Quant 5 Ultima (Sr. No. C5UO260406)	M/s JMB Industries, Main Khasra No. 1331/1, 136/2, 1338, Manopchar Kendra Road, Mana Basti, Near, Raipur, Airport, Raipur, C.G. - 492017
32	Joint Director cum Hospital Superintendent, Govt. Medical College Kanker, Affiliated Hospital, kanker	High Temperature Steam Disinfection System	Make-Faith Innovations Model-Dry Vap Pro. Dry Vap Lite	M/s Sigmatronics, D-5, Priyadarshini nagar, Behind Vijeta Complex, New Rajendra Nagar, Raipur, (C.G.)- 492006
33	P.t.JNM, Raipur Medical college	Blood Gas Analyzer	Make-Abbott Healthcare Pvt. Ltd. Model-I-STAT	M/s Careability Healthcare LLP Ward No. 07, Third floor-0317, Ambuja Mall, Vidhansabha Road, Mova Raipur-492001

उक्त उपकरणों तथा उपकरणों में उपयोग होने वाले रिएजेंट / कन्ज्युमेबल / कंट्रोल आदि के लिए दावा आपत्ति सूचना पत्र दिनांक 22/10/2026 से 23/11/2026 तक कार्यालय के वेबसाइट https://www.cgmsc.gov.in में जारी किये जायेंगे । उक्त पर यदि किसी को भी आपत्ति है तो, वे दावा आपत्ति सूचना जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के भीतर (समय 5:00 PM बजे तक) दावा आपत्ति सीजीएमएससी लिमिटेड की ई-मेल आई.डी. equipment.cgmsc@gov.in में भेज सकते है। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए निगम के वेबसाइट https://www.cgmsc.gov.in का अवलोकन कर सकते है।

दिनांकः- 21.10.2026

वास्ते /-
महाप्रबंधक उपकरण
छ.ग. मेडिकल सर्विसेस कार्पो. लिमि. नवा रायपुर

S-49510/1

गौ सेवकों ने किया प्रदर्शन

गौहत्या के विरोध में चक्काजाम संरक्षण के लिए कानून की मांग

राजनांदगांव। गौ संरक्षण की मांग को लेकर प्रभावी कानून बनाने के लिए गौ सेवकों द्वारा नगर निगम के समीप बुधवार को धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं गौ हत्या और सड़क दुर्घटना में मारी जा रही गाय को लेकर आक्रोश जताते गौ सेवकों ने ओवरब्रिज के समीप चक्काजाम कर दिया। शहर के गौरीनगर क्षेत्र में गौ हत्या कर मांस बेचे जाने का मामला सामने आने के बाद गौ संरक्षण के लिए तत्काल कानून बनाए जाने को लेकर गौ सेवक एकजुट हो गए हैं। गौमाता के संरक्षण को लेकर चिंता जाहिर करते गौ सेवकों द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र और राज्य की सरकार से प्रभावी कानून बनाने मांग की गई। गौ सेवकों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और चक्काजाम करते गौ हत्या एवं दुर्घटनाओं में मारी जा रही गौमाता के मामले में आक्रोश जताया।

मां दंतेश्वरी के छत्र के साथ निकला विजय रथ



जगदलपुर। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल भीतर रैनी विधान की परंपरा बुधवार की रात पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निभाई गई। मां दंतेश्वरी के छत्र की पूजा-अर्चना के बाद विशालकाय विजय रथ की परिक्रमा की गई। इसके बाद आधी रात को विजय रथ को शहर से लगे कुम्हड़ाकोट के जंगल में ले जाकर छिपाने की परंपरा निभाई गई। सदियों से चली आ रही इस अनूठी रस्म के दौरान बस्तर की जनजातीय संस्कृति, राजपरंपरा और लोक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। भीतर रैनी विधान में मां दंतेश्वरी के छत्र का विशेष धार्मिक महत्व है। परंपरा के अनुसार, विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद माता के छत्र को विशालकाय विजय रथ पर विराजमान कराया गया इस धार्मिक अनुष्ठान में पुजारी, मांझी-चालकी और अन्य परंपरागत पदाधिकारी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजय रथ के साथ जुड़ी धार्मिक मान्यताएं और पारंपरिक रस्में इस पर्व को देश के अन्य दशहरा आयोजनों से अलग पहचान देती हैं।

वाहन की ठोकर से युवक की मौत

धमतरी। नेशनल हाईवे में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को ठोकर मार दी। इस घटना में युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भोथली निवासी तामेश्वर यादव उम्र 35 वर्ष की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी। वह सड़क पर घूमता रहता था। मंगलवार की देर शाम युवक ग्राम संबलपुर के पास सड़क पर घूम रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने युवक को ठोकर मार दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही अर्जुनी पुलिस घटनास्थल पहुंच गई। जानकारी मिलने पर वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। अर्जुनी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

तीन दिन से लापता अधेड़ का शव खेत में मिला

सरसीवा। क्षेत्र के मुड़पार गांव निवासी गोपाल साहू का शव खेत में नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिलने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुड़पार निवासी गोपाल साहू पिता श्याम लाल साहू उम्र 55 वर्ष पिछले तीन दिनों से घर से लापता थे। परिजनों द्वारा उनकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच सरसीवा नहर के पास स्थित उनके स्वयं के खेत में नीम के पेड़ पर उनका शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। प्रारंभिक जानकारी में घरेलू लड़ाई-झगड़े को घटना की संभावित वजह बताया जा रहा है हालांकि घटना के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की सूचना मिलने पर सरसीवा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिलाईगढ़ भेज कर पोस्टमार्टम कराया और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN: U40108CT2003SGC015822
कार्यालय:—महाप्रबंधक (वित्त) "विद्युत सेवा भवन" डंगनिया रायपुर (छ.ग.) 492013
Tell.No. 0771–2574359, Website-www. Cspdcl.co.in. E-mail-fin.cspdcl@cspc.gov.in

T.S.No.05-06/Estt./1447 Raipur, dt.16.10.2026

NOTICE INVITING TENDER

Sealed tender in prescribed form are invited for deployment of 1 car, on hiring basis, as per the terms & conditions detailed in the tender document which can be obtained from this office. The tender document can also be downloaded from official website of the company i.e. www.cspc.co.in, in which case the cost of tender from Rs. 2000/- (Inclusive of GST 18%) in prescribed mode shall have to be submitted in a separate envelop-superscribing **"Cost of Tender"**.

General Manager (Fin)
CSPDCL,Raipur

SAVE ELECTRICITY

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज दन्तेवाड़ा
जिला- दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ.ग.)

Email:dplcdantewada@gmail.com

क्रमांक/273/ जि.परि.ला.कॉ.दं./भोजन/रू.की.अभि./2026-27 दंतेवाड़ा, दिनांक 21/10/2026

-: रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना:-

कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. में भोजन प्रदायकर्ता महिला स्व-सहायता समूह द्वारा जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज दन्तेवाड़ा में भोजन प्रदाय करने हेतु दन्तेवाड़ा जिले के स्थानीय पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है ।

इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह अधिक जानकारी हेतु जिला दन्तेवाड़ा के शासकीय वेबसाईट www.dantewada.nic.in का अवलोकन कर सकते है ।

प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि :- 11/11/2026 (4.P.m.)
रूचि की अभिव्यक्ति खोलने की तिथि :- 12/11/2026 (12 P.m.)

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

प्राचार्य
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग.

S-49508/1

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
234/200644	Construction of Additional Staff Room in G.F. & F.F. & Lift Work in State Forensic Science Laboratory Campus at Raipur Under Maintenance Sub-Division Raipur (C.G.) **(प्रथम आमंत्रण)**	रू. 21.49 लाख
233/201971	Miscelleneous Maintenance Work at Chhattisgarh Rajya Suchna Ayog Office Building Sector-19 Nava Raipur, Atal Nagar **(प्रथम आमंत्रण)**	रू. 75.00 लाख
232/201972	Construction of Approch Road for Govt. I.T.I. Arang, Distt. Raipur Length 0.33Km. **(प्रथम आमंत्रण)**	रू. 59.54 लाख
231/201973	Construction of Boundary Wall With Barbed at Top in Govt. Women's I.T.I. Campus, at Saddu Raipur (C.G.) **(प्रथम आमंत्रण)**	रू. 27.60 लाख
143/202107	Balance Work Outer Boundry Wall Around Mahila Jail and Side of Phe office at Central Jail, Raipur. C.G. **(तृतीय आमंत्रण)**	रू. 68.03 लाख

एन.आई.टी. क्र. 234 सिस्टम टेन्डर नं. 200644, एन.आई.टी. क्र.233 सिस्टम टेन्डर नं. 201971, एन.आई.टी. क्र. 232 सिस्टम टेन्डर नं. 201972 एवं एन.आई.टी. क्र. 231 सिस्टम टेन्डर नं. 201973 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.11.2026 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 143 सिस्टम टेन्डर नं. 201973 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 26.10.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्र.–1, रायपुर (छ.ग.)

G- 262704108/3

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.)
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध नये एवं पुराने ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त कर सकते है ।

डिपो का नाम - काष्ठागार मनेन्द्रगढ़
नीलाम दिनांक - 30/10/2026
नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

क्र.	प्रजाति	नये काष्ठ		पुराने काष्ठ	
		लट्ठा घ.मी.	बल्ली नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली नग
1	सागौन	0	0	41.849	778
2	साल	0	0	2413.424	1782
3	साजा	0	0	44.370	122
4	धावड़ा	0	0	2.749	321
5	हल्दू	0	0	12.493	15
6	मुंडी	0	0	0.910	0
7	सतकठा	0	0	114.510	300
8	खम्हार	0	0	5.786	22
9	सलैया (सलई)	0	0	5.368	2
10	तिंसा	0	0	0.406	0
11	शीशम	0	0	0.322	0
योग:-		0	0	2642.187	3342

जलाऊ काष्ठ

क्र.	विवरण	नया लॉट	पुराना लॉट
1	जलाऊ मिश्रित	-	-
योग :-		-	-

टीप :-1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

G-262704118/2

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय
खण्ड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

E-mail eemohla-phe@cg.gov.in

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ऑनलाईन निविदायें निविदा सूचना क्रमांक 86 से 93, 95 से 98 एवं 101 से 102 दिनांक 24.09.2026 (जी क्रमांक 262703530) में किसी निविदाकार द्वारा भाग नही लिये जाने के कारण शून्य निविदा होने से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
मोहला - मानपुर - अं. चौकी (छ.ग.)

G-262704080/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, कोण्डागांव (छ.ग.)

Email- eenhkgn01@gmail.com

ज्ञापन क्रः 2119/व.ले. लि/2026-27 कोण्डागांव, दिनांक : 15/10/2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ. सू. क्र. एवं दिनांक	सिस्टम आई डी क्र.	अनुमानित लागत (GST छोड़कर) (राशि लाख में)	कार्य का नाम
1.	04/EE/NH/KGN/2026-27	2026_MoRTH_930527_1	1278.72	SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM. 81.500 to KM 180.000 (RAIPUR TO JAGDALPUR ROAD) TOTAL LENGTH 94.700 KM. OF NH-30 IN THE STATE OF CHHATTISGARH
2	05/EE/NH/KGN/2026-27	2026_MoRTH_930528_1	917.46	SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM. 180.000 to KM 254.000 (RAIPUR TO JAGDALPUR ROAD) TOTAL LENGTH = 74.00 KM. OF NH-30 IN THE OF CHHATTISGARH

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.11.2026 सायं 05:30 बजे तक है।

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure / app से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग
कोण्डागांव

G- 262704096/2

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्रं.	सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
1	201676 द्वितीय आमंत्रण 13.10.2026	जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सरिया में बहुउद्देशीय हॉल एवं स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि. विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग सहित, जमा मद।	755.95
2	201677 प्रथम आमंत्रण 13.10.2026	जिला सरगुजा के अंबिकापुर दरिमा मुख्य मार्ग पर लुचकी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	462.18
3	201678 द्वितीय आमंत्रण 13.10.2026	जिला गरियाबंद के श्याम नगर देवरी मार्ग (ग्रामीण मार्ग क्र.-16) लंबाई 6.25 कि.मी. चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	1147.93
4	201679 प्रथम आमंत्रण 13.10.2026	जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के ग्राम गुढा पोस्ट ऑफिस से कोदवा गोदान पहुंच मार्ग लंबाई 5.50 कि.मी. (वास्तविक लं. 5.10कि. मी.) का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	594.80
5	201680 प्रथम आमंत्रण 13.10.2026	जिला राजनांदगांव (खैरागढ़ छुईखदान गण्डई) के दाऊचौरा खैरागढ़ ढारा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) लंबाई 10.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	245.70
6	201681 प्रथम आमंत्रण 13.10.2026	जिला गरियाबंद के जटियातोरा-सेंदबहरा मार्ग के बेन्द्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	434.61
7	201682 प्रथम आमंत्रण 13.10.2026	छीतापारा (चकला) से रजपालपुर मार्ग लंबाई 1.15 कि.मी. एवं बोडतरा सिलतरा मुख्यमार्ग से गाडापारा तक मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. (कुल लंबाई 3.45 कि.मी.) का निर्माण कार्य।	529.72

रुबियो ने रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी का किया दौरा, ऊर्जा संबंध मजबूत करने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| जामनगर

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के विशाल जामनगर परिसर का दौरा किया। उनके इस दौरे को भारत के साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाने की अमेरिकी कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन भारत की तेल शोधन क्षमता का अधिक उपयोग करने, अमेरिकी ऊर्जा की खरीद बढ़ाने और भारतीय कंपनियों को अमेरिका में निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है।

दुनिया के सबसे बड़े तेल शोधन परिसर का किया दौरा

इस दौरे से जुड़े लोगों ने बताया कि रुबियो ने अपनी पत्नी 'जीनेट डौसडेबेस रुबियो के साथ एक ही जगह दुनिया के सबसे बड़े तेल शोधन परिसर, वनतारा वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्र और रिलायंस के उभरते स्वच्छ ऊर्जा विनिर्माण केंद्र का दौरा किया। रुबियो कुछ घंटे जामनगर में रहे और इसके बाद अमेरिका के लिए रवाना हो गए।

ट्रंप प्रशासन भारत की तेल शोधन क्षमता का अधिक उपयोग करना चाह रहे

प्रतिदिन 14 लाख बैरल कच्चे तेल का प्रसंस्करण : रिलायंस का जामनगर परिसर प्रतिदिन करीब 14 लाख बैरल कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर सकता है। यह वैश्विक बाजारों में डीजल और अन्य परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। विभिन्न किस्म के कच्चे तेल के प्रसंस्करण की क्षमता इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाती है। खासकर ऐसे समय में, जब अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

जामनगर इकाई में रूसी तेल की हिस्सेदारी एक तिहाई : हालांकि, इस संबंध में कुछ चुनौतियां भी हैं। जुलाई-सितंबर, 2026 के दौरान जामनगर परिसर में उपयोग होने वाले कुल कच्चे तेल में रूसी तेल की हिस्सेदारी करीब एक-तिहाई थी। विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की खरीद के स्रोतों में कोई भी बदलाव केवल वैश्विक दबाव पर निर्भर नहीं करेगा, बल्कि यह तेल की कीमतों, ढुलाई लागत, रिफाइनरी की जरूरतों और वैकल्पिक आपूर्ति की उपलब्धता से भी तय होगा।



भारत को कच्चे तेल के परिशोधन में महाशक्ति बताया

मुकेश अंबानी के बड़े पुत्र और जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी दूरसंचार कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की शुरुआत की तैयारियों में जुटे थे। रुबियो जामनगर पहुंचने से एक दिन पहले भारत को कच्चे तेल के परिशोधन के मामले में एक 'महाशक्ति' बताते हुए उससे वेनेजुएला के तेल का अधिक प्रसंस्करण करने का आग्रह कर चुके थे।

अंबानी परिवार से मिले रुबियो

जाने-माने उद्योगपति और रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी के नेतृत्व में अंबानी परिवार के लगभग सभी सदस्यों ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस मौके पर मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी, बेटी ईशा अंबानी और उनके पति आनंद पीरामल, छोटे बेटे अनंत अंबानी और उनकी पत्नी राधिका मर्चेंट के अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक पीएमएस प्रसाद तथा भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर मौजूद थे।

खबर संक्षेप

एक्सिस बैंक के लाभ में 38 फीसदी का उछाल

रायपुर। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में शामिल एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया। बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़कर 7,003 करोड़ रुपए हो गया। इस वृद्धि में शुद्ध ब्याज आय में अच्छी बढ़ोतरी और संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार का योगदान रहा। बैंक की शुद्ध ब्याज आय 12 प्रतिशत बढ़कर 15,371 करोड़ रुपए और मुख्य परिचालन लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 10,998 करोड़ रुपए हो गया।

ब्रिटेन में महंगाई दर एक साल के उच्चस्तर पर



लंदन। ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच ब्रिटेन में महंगाई दर सितंबर में बढ़कर करीब एक साल के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों से यह संकेत मिला है कि बैंक ऑफ इंग्लैंड अगले महीने ब्याज दरें बढ़ा सकता है।

आय फाइनेंस का मुनाफा दूसरी तिमाही में दोगुना



नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) आय फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 86.7 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। एक साल पहले 2025-26 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 34.5 करोड़ रुपये था।

एसएफसी टेक का आईपीओ 27 अक्टूबर को खुलेगा



नई दिल्ली। अपशिष्ट जल शोधन समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का 668 करोड़ रुपये का आईपीओ 27 अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी की ओर से बुधवार को जारी सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 313-330 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

एसआरएफ के लाभ में 31 फीसदी का उछाल



नई दिल्ली। रसायन बनाने वाली कंपनी एसआरएफ लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 509.12 करोड़ रुपये हो गया। मध्य प्रदेश में बैटरी-ग्रेड एल्युमीनियम फॉइल विनिर्माण संयंत्र लगाने के लिए 600 करोड़ रुपये के निवेश की भी घोषणा की। 2025-26 की दूसरी तिमाही में 388.18 करोड़ रुपये रहा था। सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 4,929.14 करोड़ रुपये हो गई।

निजी सुरक्षा कुंजियों में गड़बड़ी होने की दी जानकारी

ईमुद्रा के डिजिटल प्रमाणपत्र में गड़बड़ी गूगल व मोज़िला ने कुछ प्रमाणन रोके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय डिजिटल प्रमाणन कंपनी ईमुद्रा ने अपने कुछ डिजिटल प्रमाणपत्र से जुड़ी निजी सुरक्षा 'कुंजियों' में गड़बड़ी होने की जानकारी दी है। इन 'कुंजियों' का दुरुपयोग कर साइबर अपराधी असली वेबसाइट की नकल करने वाले फर्जी मंच बना सकते हैं और लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं। साइबर सुरक्षा एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने एक परामर्श में यह जानकारी दी है।

ईमुद्रा कंपनियों और अन्य कारोबारी संस्थाओं को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र जारी करती है। इन प्रमाणपत्र का इस्तेमाल कई तरह के ऑनलाइन लेनदेन में किया जाता है। इंटरनेट पर वेबसाइट और उपयोगकर्ताओं के बीच भेजी जाने वाली जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल प्रमाणपत्र और सुरक्षा कुंजियों का इस्तेमाल होता है।

कुंजियों का दुरुपयोग साइबर अपराधी कर सकते हैं

असली वेबसाइट की नकल कर फर्जी मंच बना सकते हैं

लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं

ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा

ईमुद्रा ने अपने बयान में कहा कि इस घटना का भारत में उसके डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) और ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा है। हालांकि, कंपनी के वैश्विक टीएलएस कारोबार का एक छोटा हिस्सा प्रभावित हुआ है। सीईआरटी-इन के अनुसार, ईमुद्रा ने बताया कि उसकी सार्वजनिक कुंजी अवसंरचना में आठ मध्यवर्ती प्रमाणन प्राधिकरण प्रमाणपत्रों से जुड़ी निजी सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ गड़बड़ी हुई है।



कुंजी हासिल कर फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है

इनमें छह टीएलएस प्रमाणपत्र और दो सॉफ्टवेयर पर डिजिटल हस्ताक्षर करने के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रमाणपत्र शामिल हैं। निजी सुरक्षा कुंजी का इस्तेमाल डिजिटल प्रमाणपत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने में होता है। यदि कोई अनधिकृत व्यक्ति ऐसी कुंजी हासिल कर ले, तो वह उसके जरिये फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है।

भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार : *इससे किसी असली वेबसाइट या भुगतान सेवा की नकल करना संभव हो सकता है। ऐसे में लोग यह समझकर फर्जी वेबसाइट पर भुगतान कर सकते हैं कि वे किसी वास्तविक कंपनी की वेबसाइट पर हैं। उसकी प्रणालियों की सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ है, कोई डेटा चोरी नहीं हुआ है और कंपनी के भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार हैं।*

कंप्यूटर तंत्र में एक खामी है कारण

ईमुद्रा ने बताया कि उसके कंप्यूटर तंत्र में एक खामी के कारण मूल मजबूत सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ कमजोर कुंजियां भी बन गई थीं। एक शोधकर्ता ने एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और मोजिला को सूचित किया था कि कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से इन कमजोर कुंजियों का पता लगाया जा सकता है।

डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाण पत्र जारी हो सकता है

सीईआरटी-इन ने कहा कि इन निजी कुंजियों तक पहुंच रखने वाला हमलावर ऐसे डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाणपत्र जारी कर सकता है, जिन पर उसका नियंत्रण नहीं है। इन प्रमाणपत्र के जरिये असली वेबसाइट की नकल की जा सकती है और उनके माध्यम से भेजी जाने वाली जानकारी को बीच में रोकने या उसमें बदलाव करने की कोशिश की जा सकती है। इसे 'मैन-इन-द-मिडिल' हमला कहा जाता है।

आरबीआई के हस्तक्षेप से रुपया छह सप्ताह के उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रुपया बुधवार को 48 पैसे मजबूत होकर छह सप्ताह के उच्च स्तर 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से जुड़े विदेशी मुद्रा प्रवाह और डॉलर की मांग को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

- रुपया 48 पैसा मजबूत होकर 94 .43 प्रति डॉलर

हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से रुपये पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.78 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.41 के उच्चस्तर तक गया और 94.82 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 48 पैसे की बढ़त है। इससे पहले भारतीय मुद्रा चार सितंबर को इसी स्तर के आसपास बंद हुई थी। रुपया सोमवार को दो पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.91 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, आईपीओ से जुड़े विदेशी पूंजी प्रवाह और अमेरिकी डॉलर में अपेक्षाकृत कमजोरी से रुपया छह सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया।



कच्चे तेल ने रुपए की बढ़त सीमित की : हालांकि, घरेलू बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने रुपये की तेज बढ़त को सीमित किया। उन्होंने कहा कि डॉलर में कुल मिलाकर कमजोरी और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में नरमी से रुपये में सकारात्मक रुख बने रहने के आसार हैं। चौधरी ने कहा, ''डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.20 से 94.80 के दायरे में रह सकता है।

जियो के आईपीओ को मिला पूर्ण अभिदान

गौरतलब है कि जियो प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम बुधवार को अभिदान के लिए खुला। यह आईपीओ 23 अक्टूबर को बंद होगा। 1,065 से 1,119 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाले इस निर्गम को खुलने के 100 मिनट के भीतर ही पूर्ण अभिदान मिल गया।

भारत के सामने रोजगार बढ़ाने की चुनौती : सुब्बाराव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को सात फीसदी बनाए रखना होगा
- निजी निवेश और रोजगार देने वाले विनिर्माण को देना होगा प्रोत्साहन

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को सात प्रतिशत या उससे अधिक के स्तर पर बनाए रखने के लिए निजी निवेश बढ़ाने, अधिक रोजगार देने वाले विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, मानव पूंजी में सुधार करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ बेहतर एकीकरण की जरूरत है।

सुब्बाराव ने कहा कि चुनौती केवल तेजी से आर्थिक वृद्धि हासिल करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि वृद्धि से उत्पादकता बढ़े, अधिक रोजगार पैदा हों और अर्थव्यवस्था झटकों का सामना करने में सक्षम बने। उन्होंने कहा, पहली तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कई लोगों की उम्मीद से अधिक मजबूत है। मैं मध्यम अवधि में भारत की संभावनाओं को लेकर आशावादी हूं, लेकिन निश्चिंत नहीं हूं। विश्व बैंक ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान अप्रैल के अपने अनुमान से 0.5 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया था। इसके पीछे वैश्विक चुनौतियों के बावजूद घरेलू मांग में मजबूती और निर्यात में अच्छी वृद्धि को वजह बताया गया था।

शिक्षित युवाओं को रोजगार पाने में कठिनाई हो रही

सुब्बाराव ने कहा कि कृषि क्षेत्र में लाखों कामगार अपनी क्षमता के अनुरूप काम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां असंगठित क्षेत्र में हैं, जिनमें उत्पादकता कम है और वेतन भी कम मिलता है। सुब्बाराव ने कहा कि शिक्षित युवाओं को भी उपयुक्त रोजगार पाने में कठिनाई हो रही है, क्योंकि अर्थव्यवस्था उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है।

रिलायंस की रिफाइनिंग क्षमता का लाभ लेने की कोशिश में अमेरिका

- अंबानी परिवार से मिलने जामनगर पहुंचे रुबियो
- दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी का किया दौरा

एजेंसी ▶▶| जामनगर (गुजरात)

उद्योगपति मुकेश अंबानी के परिवार के लगभग सभी सदस्यों ने बुधवार को जामनगर में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो का स्वागत किया। रुबियो ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की एक ही स्थान पर स्थित दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी का दौरा किया।

रुबियो जामनगर पहुंचने से एक दिन पहले भारत को कच्चे तेल के शोधन के मामले में एक ''महाशक्ति'' बता चुके हैं और उन्होंने यहां वेनेजुएला के कच्चे तेल का अधिक प्रसंस्करण करने की वकालत की थी। इस दिन के कार्यक्रम में रिलायंस के वनतारा पशु बचाव केंद्र और समूह द्वारा विकसित की जा रही विशाल विनिर्माण इकाइयों का दौरा भी शामिल था। विश्लेषकों के अनुसार, इस दौरे ने भारत-अमेरिका ऊर्जा कूटनीति के केंद्र में एक निजी औद्योगिक समूह को ला दिया है। अधिकारियों ने अंबानी परिवार की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम को ''निजी दौरा'' बताया है। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका में मध्यावधि चुनावों से पहले डीजल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। दोनों पक्षों की ओर से दौरे का कोई विवरण जारी नहीं किया गया। दौरे से परिचित लोगों के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता और बच्चों ईशा तथा अनंत ने रुबियो का स्वागत किया।



फसाई का नेस्ले इंडिया और जायडस वेलनेस को नोटिस

नई दिल्ली। खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने कुछ उत्पादों में 'भ्रामक दावों' को लेकर नेस्ले इंडिया और जायडस वेलनेस को नोटिस जारी किए हैं। नियामक ने कंपनियों से अपने विज्ञापनों में किए गए दावों के समर्थन में वैज्ञानिक प्रमाण पेश करने को कहा है। एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि उसने नेस्ले इंडिया को उसके दो खाद्य उत्पादों 'लैक्टोजेन प्रो 1 पाउडर' और 'नैन एक्ससेला प्रो स्टेज 1' के प्रचार में भ्रामक दावों और नियमों के अनुरूप नहीं होने वाले विज्ञापनों को लेकर नोटिस जारी किए हैं। नियामक ने जायडस वेलनेस प्रोडक्ट्स लिमिटेड को भी उसके खाद्य उत्पाद 'कॉम्प्लान' के संबंध में भ्रामक दावों और विज्ञापनों को लेकर नोटिस दिया है।

- अमेरिकी बांड में तेज प्रतिफल से धारणा प्रभावित

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 143 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 78 अंक नीचे आया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और अमेरिकी बांड प्रतिफल में तेजी के बीच बिजली, बैंक तथा वित्तीय शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.21 अंक टूटकर 73,709.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई और सेंसेक्स एक समय 829.29 अंक चढ़कर 74,682.19 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया। तेज बढ़त के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की, जिससे सेंसेक्स 1,450 अंक से अधिक टूटकर दिन के निचले स्तर 73,229.45 अंक पर आ गया। हालांकि, कारोबार के अंतिम चरण में हुई कुछ लिवाली से नुकसान कम हुआ।

अदाणी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 16 फीसदी बढ़ा...



नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 747 करोड़ रुपये हो गया। बिजली आपूर्ति कारोबार से मजबूत राजस्व वृद्धि से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। अदाणी समूह की इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 644 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई नियामकीय सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान उसकी कुल आय 39 प्रतिशत बढ़कर 4,520 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,249 करोड़ रुपये थी। कुल आय में बिजली आपूर्ति कारोबार का योगदान 4,019 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के 2,776 करोड़ रुपये से 45 प्रतिशत अधिक है।

यात्री वाहन खंड में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई

नवरात्र में वाहन पंजीकरण 6.5 प्रतिशत घटा : फाडा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल नवरात्र के दौरान देश में वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत घटकर 11.23 लाख इकाई रह गया। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के शुरुआती आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। फाडा के अनुसार, यात्री वाहनों की श्रेणी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

- वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर खंड में अच्छी बिक्री दर्ज

इस गिरावट की एक प्रमुख वजह पिछले साल का ऊंचा आधार प्रभाव है। पिछले साल नवरात्र के पहले दिन ही माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती लागू हुई थी, जिससे वाहन खरीदने के लिए शोरूम में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। फाडा के 21 अक्टूबर को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस साल 11 से 20 अक्टूबर के दौरान नवरात्र में कुल 11.23 लाख वाहनों का खुदरा पंजीकरण हुआ।

मारुति में वाहनों की आपूर्ति पिछले साल के बराबर

मारुति सुजुकी के विपणन एवं बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा, ''इस साल नवरात्र के दौरान वाहनों की आपूर्ति पिछले साल के लगभग बराबर रही। यह पिछले साल के स्तर का करीब 98 प्रतिशत है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने कहा कि ग्राहकों की धारणा में सुधार के बीच उसके शोरूम में आने वाले ग्राहकों, पूछताछ, बुकिंग और वाहनों की आपूर्ति में मजबूत मांग देखने को मिल रही है।



उत्पादन क्षमता की सीमा के कारण अधिक वाहनों की आपूर्ति नहीं : देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी ने कहा कि इस साल नवरात्र के दौरान उसकी वाहनों की आपूर्ति पिछले साल के लगभग बराबर रही। कंपनी ने कहा कि उत्पादन क्षमता की सीमाओं के कारण इससे अधिक वाहनों की आपूर्ति नहीं हो सकी।

टाटा ने दशहरे दिन 10 हजार से अधिक वाहन बेचे

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अमित कामत ने कहा, ''नवरात्र के दौरान ग्राहकों की प्रतिक्रिया विशेष रूप से उत्साहजनक रही। इस अवधि में 50,000 से अधिक वाहनों की आपूर्ति की गई, जिनमें अकेले दशहरा के दिन 10,000 से अधिक वाहन शामिल हैं।''

दोपहिया वाहनों के पंजीकरण में गिरावट

पिछले साल 22 सितंबर से दो अक्टूबर के दौरान नवरात्र के समय यह आंकड़ा 12.01 लाख इकाई था। वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों में पंजीकरण घटा। यात्री वाहनों का पंजीकरण 21.9 प्रतिशत घटकर 1.83 लाख इकाई रह गया, जबकि दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 2.8 प्रतिशत गिरकर 8.34 लाख इकाई पर आ गया।

दबी मांग का बड़ा हिस्सा पूरा हुआ

फाडा के अध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, ''नवरात्र 2025 की तुलना में इस साल 6.52 प्रतिशत की मामूली गिरावट मुख्य रूप से तुलनात्मक आधार के कारण है। पिछले साल नवरात्र 10 दिन के बजाय 11 दिन चला था और इसी दौरान जीएसटी 2.0 लागू हुआ था। इससे पहले से दबी मांग का बड़ा हिस्सा एक असाधारण अवधि में पूरा हुआ था।''

इटर्नल का मुनाफा दोगुना होकर 125 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटर्नल का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग दोगुना होकर 125 करोड़ रुपये रहा है। 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 65 करोड़ रुपये था। बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व बढ़कर 24,138 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 13,590 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 24,166 करोड़ रुपये हो गया।

CITY_MAIN_22_2026-15_Layout 1 22-10-2026 00:56 Page 1

एशियन पैरा गेम्स : एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 50 से अधिक मेडल

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन पैरा गेम्स में बुधवार को भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के कुल पदकों की संख्या को 50 के पार पहुंचा दिया है। पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में भारतीय धावकों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल करते हुए देश की झोली में गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक डाले। भारत के दिलीप गावित ने 10.69 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिंगानकथ 10.72 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया।

100 मीटर टी47 में दिलीप गावित ने जीता गोल्ड

पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत ने एक और यादगार प्रदर्शन किया। दिलीप गावित (टी46 वर्ग) ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, जबकि मोहम्मद बेसिल मोर्सिंगनाकाथी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप गावित (टी46 कैटेगरी) ने 10.69 सेकंड के शानदार समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, बेसिल (टी47 कैटेगरी) ने 10.72 सेकंड का समय निकालकर सिल्वर मेडल जीता और इस स्पर्धा में एक नया 'गेम्स रिकॉर्ड' भी बनाया। इससे पहले, दिलीप गावित एशियन पैरा गेम्स 2022 में मेंस 400 मीटर टी47 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था, जो इन खेलों में भारत का ऐतिहासिक 100वां मेडल था। उन्होंने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स में भी पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर देश को गौरवान्वित किया।



ऊंची कूद : प्रवीण कुमार ने जीता गोल्ड

प्रवीण कुमार ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद टी44/64 स्पर्धा में खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। टी64 और टी44 वर्ग के एथलीट अक्सर संयुक्त स्पर्धा में एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि विश्व पैरा एथलेटिक्स पर्याप्त प्रतियोगियों और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए निचले अंगों के वर्गों को एक समूह में रखता है। टी64 उन एथलीटों के लिए है, जो कृत्रिम निचले अंगों का उपयोग करते हैं, जबकि टी44 उन एथलीटों के लिए है, जो निचले अंगों से दिव्यांग होते हैं लेकिन वह कृत्रिम अंगों का उपयोग नहीं करते हैं।

शॉट पुट एफ53 : आयुष वर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

आयुष वर्मा ने बुधवार को पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। ईरान के अलीरेजा हेमामी 8.09 मीटर के साथ दूसरे, जबकि कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कालियेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आयुष ने इससे पहले मंगलवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ53/एफ54 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। एफ53 उन एथलीटों के लिए है जिनकी धड़ और पैरों की गति अत्यधिक जबकि हाथों की पकड़ कम प्रभावित होती है। वे बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी छाती, ऊपरी पीठ और कंधों का उपयोग करके ताकत लगाते हैं।



सिमरन ने 100 मीटर दौड़ में लहराया तिरंगा

भारतीय पैरा स्प्रिंटर सिमरन शर्मा ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया। सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 वर्ग की फाइनल रेस में 12.02 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसी के साथ हीट्स में बनाए गए अपने ही पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। इससे पहले, मंगलवार को सिमरन ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 कैटेगरी में 24.80 सेकंड का समय निकालकर गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता था। 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) से समर्थित सिमरन ने 12.13 सेकंड के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2022 में इसी स्पर्धा में 12.68 सेकंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.66 सेकंड का सुधार करते हुए इसे गोल्ड में बदल दिया।

टेस्ट में स्टीव स्मिथ ने पूरे किए 11 हजार रन



एजेंसी ▶▶| गकेबरहा

साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट मैच गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है। स्टीव स्मिथ पहली पारी में 28 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इस पारी के दौरान उन्होंने एक खास मुकाम हासिल कर लिया है। स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में 11 हजार रन पूरे कर लिए हैं। स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह मुकाम हासिल करने वाले महज तीसरे बल्लेबाज बने हैं। स्मिथ से पहले कंगारू टीम की ओर से यह उपलब्धि सिर्फ रिकी पोंटिंग और एलन बॉर्डर ही हासिल कर सके हैं। स्मिथ ने यह उपलब्धि अपने टेस्ट करियर के 126वें मैच में हासिल की। हालांकि, स्मिथ पहली पारी में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। वह 88 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 28 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 2 चौके लगाए।

भारत ने 2022 में खेला था न्यूजीलैंड में टी20 मैच

सिर्फ 2 दिन के अभ्यास के साथ न्यूजीलैंड दौरे का आगाज आज से

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

पिछली दो टी20 श्रृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिए दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैंड में पिछली बार भारत ने 2022 में नेपियर में टी20 मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रॉ रहा था।

भारत ने वह श्रृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ 4 बल्लेबाज पहले न्यूजीलैंड में टी20 खेल चुके हैं, जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है।



अय्यर के सामने कड़ी चुनौती

अय्यर की कप्तानी की शुरूआत आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला ड्रॉ खेली। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंग्लैंड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग अलग हालात में खेलने की आदत है।

पंड्या-बुमराह टीम से बाहर

भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे। सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी।

टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल? शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर , वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।
न्यूजीलैंड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, मिचेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन , जाक फोकेस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।
मैच का समय : दोपहर 12 . 30 से ।

सबसे कम कीमत पर
Antique Jewellery
3.99% Making Charges
22k Gold Value 91.6% + Making Charges 3.99% = Total % 95.59%
ANAND Gold
Pandri

फ्रेंच ओपन

उलटफेर के शिकार से बचीं सिंधु

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार होने से बाल-बाल बची और दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी थाइलैंड की सुपनिदा केतोंग को हराकर अगले दौर में पहुंच गई। पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही सिंधू ने एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में 21-14, 8-21, 23-21 से जीत दर्ज की। एक अन्य महिला एकल मैच में उन्नति हुड्डा जापान की रिको गुंजी से 18-21, 12-12, 17-21 से हारकर बाहर हो गई। राउंड ऑफ 32 के इस मुकाबले में मुश्किल जीत के बाद पीवी सिंधु अब प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। सिंधु का मुकाबला अगले राउंड में अब जापान की रिको गुंजी के खिलाफ 22 अक्टूबर को होगा। पिछले कुछ समय से सिंधु का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। एशियाई खेलों में निराशा के बाद डेनमार्क ओपन में भी उन्होंने निराश किया था। ऐसे में भारतीय बैडमिंटन फैंस को उम्मीद होगी कि इस मैच में शानदार वापसी का फॉर्म सिंधु आगे भी इस टूर्नामेंट में जारी रखते हुए जीत दर्ज करेंगी।



पीएसजी ने रोका बार्सिलोना का विजयी अभियान



पेरिस। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लामिन यामल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद बार्सिलोना को 4-2 से हराकर उसका 11 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इस मैच का रोमांचक अंत हुआ, जिसमें आखिरी 20 मिनट में चार गोल किए गए। इससे पीएसजी लिवरपूल के साथ उन चुनिंदा टीमों में शामिल हो गई है, जिन्होंने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं।

अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का शेड्यूल घोषित, 21 जनवरी से आगाज

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगा भारत

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत 22 जनवरी को काठमांडू में वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का कार्यक्रम घोषित किया, जो 21 जनवरी से 6 फरवरी तक बांग्लादेश और नेपाल में खेला जाएगा।

इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रतियोगिता के मैच चट्टोग्राम, सिलहट और काठमांडू में खेले जाएंगे। दो बार के चैंपियन भारत को सह-मेजबान नेपाल, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश और यूएई 21 जनवरी को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खेलेंगे, जबकि इसी दिन सिलहट में ऑस्ट्रेलिया का सामना नाइजीरिया से होगा। ग्रुप चरण के मैच 26 जनवरी तक खेले जाएंगे। इसके बाद सुपर सिक्स शुरू होगा।



रणजी ट्रॉफी: मुंबई का शानदार प्रदर्शन

हिमाचल को पारी के अंतर से हराया

नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप डी में मुंबई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 97 रनों से हराया। पहली पारी में हिमाचल की पूरी टीम सिर्फ 140 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इसके जवाब में मुंबई ने सरफराज खान की 154 रनों की लाजवाब पारी के बूते 8 विकेट खोकर 528 रन बनाने के बाद अपनी पारी को घोषित किया। दूसरी पारी में भी हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पूरी टीम 291 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

HDFC BANK HDFC Bank Ltd.
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

ई-नीलामी विक्रय सूचना
नीलामी की तिथि एवं समय :- 27-नवम्बर-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

स. क्र.	(A) ऋणी(यों) का नाम	(B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	(D) कब्जे का प्रकार	(E) आरक्षित मूल्य (रु.)	(F) (G) ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	**श्री साहू खिलेश्वर** 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई–दुर्ग 490006. **श्रीमती साहू दीपिका** 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई–दुर्ग 490006.	₹ 5,75,548/- 31 मई 2023* की स्थिति में	फ्लैट–एलआईजी–309, ग्रुप–5, फ्लोर–3, दीनदयाल आवास, योजना कौरिनभाटा, क्र.सं., ख. क्रमांक 328; ग्राम–कौरिनभाटा, तहसील–राजनांदगांव छ.ग., कुल बुआ क्षेत्रफल=487 वर्गफीट। (45.26 वर्गमीटर) **लेटिट्यूड–21.088282, लांगिट्यूड–81.009706.**	भौतिक	₹3,50,000/-	₹35,000/- / ₹ 5,000/-
2.	**श्री चौरसिया विशाल गौरीशंकर** एचआईजी 11, दिनदयाल कॉलोनी, खैरागढ़ रोड, चिखली वार्ड क्रमांक 06, राजनांदगांव– 491441. **श्री चौरसिया विशाल गौरीशंकर** स्पर्श ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड, मारुति सुजुकी शोरूम, मनकी रोड के पास, राजनांदगांव –राजनांदगांव – 491441. **श्रीमती चौरसिया भारती विशाल** एचआईजी 11, दिनदयाल कॉलोनी, खैरागढ़ रोड, चिखली वार्ड नंबर 06, राजनांदगांव– 491441. **श्री सोनवाने अशोक कुमार,** वार्ड क्रमांक 13, टीचर कॉलोनी, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़–491441. **(जमानतदार)**	₹ 24,15,577/- 28 फरवरी 2025* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की यूनिट– एलआईजी–I–03, क्षेत्रफल 58.50 वर्ग मीटर/629.46 वर्ग फुट, खसरा संख्या 9/1, छ.ग. गृह निर्माण मंडल, दीन दयाल आवास योजना, चिखली, वार्ड–6, प.ह.–39, तहसील एवं जिला राजनांदगांव में स्थित है। जिसकी **चौहद्दी:**–उत्तर में एलआईजी–I–22, दक्षिण में कॉलोनी रोड, पूर्व में एलआईजी–I–02, एवं पश्चिम में एलआईजी–I–04, कुल क्षेत्रफल 58.50 वर्ग मीटर या 629.46 वर्ग फुट है। **लेटिट्यूड– 21.116377, लांगिट्यूड–81.041171.**	भौतिक	₹25,19,000/-	₹2,51,900/- / ₹ 5,000/-

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :– 31-अक्टूबर-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :–10-नवम्बर-2026, शाम 5.00 बजे के पहले
* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
ऋणभार/दावों का खुलासा: HDFC के अधिकृत अधिकारी की जानकारी और समझ के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कोई भार (Encumbrances) नहीं है।
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
दिनांक: 22.10.2026
स्थान: राजनांदगांव
रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA

HDFC BANK HDFC Bank Ltd.
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

ई-नीलामी विक्रय सूचना
नीलामी की तिथि एवं समय :- 12-नवम्बर-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

स. क्र.	(A) ऋणी(यों) का नाम	(B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	(D) कब्जे का प्रकार	(E) आरक्षित मूल्य (रु.)	(F) (G) ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	**श्री वैद्य विजयेंद्र कुमार,** एमए–2, पदुम नगर, वार्ड नंबर 17, चरोदा, भिलाई – छत्तीसगढ़, पिन – 490010. **श्री वैद्य विजयेंद्र कुमार** यूनिक स्ट्रक्चर्स एंड टावर्स लिमिटेड, 1E, लाइट इंडस्ट्रियल वर्क्स एरिया – भिलाई – 490026.	₹ 12,51,300/- 31 दिसंबर 24* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की रिहायशी फ्लैट/अपार्टमेंट, जिसका बिल्ट–अप एरिया 595 वर्ग फ़ीट है; खसरा नंबर 41/4, 41/6, 41/7, मौज़ा–जुनवानी, चौहान हाउसिंग कंपनी 'चौहान ग्रीन वैली'; फ्लैट नंबर 23, छठी मंज़िल, ब्लॉक ए–1, वार्ड नंबर 01, रानिमं.–दुर्ग–1, प.ह.नं. –15/21, तहसील दुर्ग, ज़िला दुर्ग, छत्तीसगढ़, **चौहद्दी :** उत्तर में फ्लैट ए1/22; दक्षिण में खुली जगह, ब्लॉक ए–2; पूर्व में सड़क; पश्चिम में फ्लैट ए–1/24. फ्लैट का कुल बिल्ट–अप एरिया 595 वर्ग फ़ीट है; **लेटिट्यूड–21.222822, लांगिट्यूड–81.310438** है।	भौतिक	₹11,21,000/-	₹1,12,100/- / ₹ 5000/-
2.	**श्री सराफ विशाल,** मकान नंबर–01, तुलसी विला, खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492001 – भारत। **श्री सराफ विशाल** विशाल इंटरप्राइजेज, दुकान नंबर–15, नयापारा, लेकर लाइन, रायपुर – 492001. **श्रीमती सराफ दिव्या** हाउस नंबर–01, तुलसी विला खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492001 – भारत।	₹ 40,18,857/- 31 मार्च 24* की स्थिति में	फ्लैट–03, मंजिल–7, ओवरसीज पाम रिसॉर्ट्स, ब्लॉक ए, स.क्र., खसरा नं. 91/1-2; प.ह.नं. 44, ग्राम– सङ्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल– 1470.13 वर्ग फुट, कारपेट एरिया– 925.25 वर्ग फुट, **लेटिट्यूड– 21.284361, लांगिट्यूड–81.698556.**	भौतिक	₹41,20,000/-	₹4,12,000/- / ₹ 10,000/-
3.	**श्री शर्मा अमित** मकान नं. 768, आदर्श चौक, सुंदर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492013. **श्री शर्मा अमित** ट्रांसवर्ल्ड फ़र्टिकेम प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा श्रेया मार्केटिंग, मंडीगेट, पंडरी, रायपुर छ.ग. 492004.	₹ 6,39,256/- दिनांक 31 अक्टूबर 25* तक	समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट नं. 65, सतगुरु ड्रीम सिटी, फेज 1, स.क्र. खसरा नंबर 78/53(भाग), 78/11-53-57-60-61; प.ह.नंबर 118/48/83, ग्राम–कांदुल; रानिमं–रायपुर 1, तहसील–रायपुर, छत्तीसगढ़, प्लॉट एरिया सेल डीड के अनुसार– 950 वर्गफीट, कंस्ट्रक्शन एरिया–950 वर्गफीट, **लेटिट्यूड–21.166650, लांगिट्यूड–81.629983.**	भौतिक	₹13,35,000/-	₹1,33,500/- / ₹ 5,000/-
4.	**श्री शर्मा अमित** मकान नं. 768, आदर्श चौक, सुंदर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492013. **श्री शर्मा अमित** ट्रांसवर्ल्ड फ़र्टिकेम प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा–श्रेया मार्केटिंग, मंडीगेट, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492004.	₹ 6,47,142/- दिनांक 31 अक्टू. 25* तक	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की रिहायशी प्लॉट नंबर 66, सतगुरु ड्रीम सिटी, फेज 1, स.क्र., खसरा नंबर 78/53(भाग), 78/11-53-57-60-61; प.ह.नंबर 118/48/83, ग्राम–कांदुल, रानिमं–रायपुर 1, तहसील–रायपुर, छत्तीसगढ़, प्लॉट एरिया–958 वर्गफीट, **लेटिट्यूड–21.166650, लांगिट्यूड–81.629983.**	भौतिक	₹10,35,000/-	₹1,03,500/- / ₹ 5,000/-

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :– 31-अक्टूबर-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :–25-नवम्बर-2026, शाम 5.00 बजे के पहले
* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
ऋणभार/दावों का खुलासा: (1) एच.डी.एफ.सी. के अधिकृत अधिकारी की जानकारी और समझ के अनुसार, सीरियल नंबर 1 वाली अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों पर कोई बोझ नहीं है। (2) आइटम सीरियल नंबर 02 पर सोसाइटी का Rs. 55,000/- का बकाया मैंटेनेंस चार्ज है (इसमें अतिरिक्त शुल्क आदि शामिल नहीं हैं, जो लग चुके हैं या लग सकते हैं)। प्रॉपर्टी खरीदने वाले को यह बकाया रकम अनिवार्य रूप से चुकानी होगी। कृपया ध्यान दें कि यह रिजर्व प्राइस के अलावा है। खरीदार को यह रकम सीधे सोसाइटी को चुकानी होगी। (3) क्रम संख्या 3 और 4 पर बताई गई संपत्तियां संयुक्त संपत्तियां हैं और इन्हें एक ही इकाई के रूप में बेचा जाएगा। इसलिए, खरीदार के लिए दोनों संपत्तियों को एक साथ खरीदना अनिवार्य होगा; किसी एक संपत्ति के लिए अलग से बोली लगाने या उसे अलग से खरीदने की अनुमति नहीं होगी।
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
सावधानी नोट: बड़े पैमाने पर ई–बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
दिनांक: 22.10.2026
स्थान: रायपुर, दुर्ग, छ.ग.
रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

कब्ज से राहत
गैस से छुटकारा
एसिडिटी से आराम
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
गजब का फायदा
अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।

20% EXTRA
Dhiraj
पेट सफा

भारत का 'व्हिसलिंग विलेज', जहां एक दूसरे को सीटी बजाकर बुलाते हैं लोग

नई दिल्ली। भारत में गांवों की अपनी अलग दुनिया है। कहीं लोग आज भी पुरानी परंपराओं को सहेजकर रखे हुए हैं, तो कहीं रहने-सहने और एक-दूसरे से बातचीत करने के तरीके लोगों को हैरान कर देते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोगों की भाषा, पहनावा, खानपान और रीति-रिवाज भी अलग हैं। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे गांव के बारे में सुना है, जहां लोग एक-दूसरे को नाम लेकर नहीं, बल्कि सीटी बजाकर या खास धुन गाकर बुलाते हैं? सुनने में यह बात थोड़ी अजीब लग सकती है, लेकिन भारत में एक ऐसा गांव है, जहां हर व्यक्ति की पहचान के लिए एक अलग धुन बनाई गई है। हैरानी की बात यह है कि यहां बच्चे के जन्म के बाद उसकी मां ही उसके लिए यह धुन बनाती है। इसी अनोखी परंपरा के कारण इस गांव को 'व्हिसलिंग विलेज' यानी सीटी वाला गांव के नाम से भी जाना जाता है।



मां बच्चे के लिए बनाती है खास धुन

कोंगथोंग की इस परंपरा का सबसे खूबसूरत पहलू यह है कि बच्चे के जन्म के बाद उसकी मां ही उसके लिए खास धुन बनाती है। बच्चे के जन्म के बाद मां उसे प्यार से पुकारते हुए एक अलग तरह की मधुर धुन तैयार करती है। धीरे-धीरे यही धुन बच्चे की एक खास पहचान बन जाती है। इस परंपरा को खासी भाषा में 'जिंगरवाई इयावबेई' कहा जाता है, जिसका अर्थ मां का प्रेम गीत बताया जाता है। इसमें मां का प्यार और बच्चे के साथ उसका इमोशनल रिश्ता भी झलकता है। जिस तरह दूसरे घरों में बच्चे को प्यार से किसी नाम या निकनेम से बुलाया जाता है, उसी तरह यहां मां की बनाई धुन से उसे पुकारा जा सकता है। इस तरह एक धुन बच्चे के जीवन से जुड़ जाती है और गांव के लोग भी धीरे-धीरे उसे उसी से पहचानने लगते हैं।

कहां है भारत का यह अनोखा गांव?

भारत के इस अनोखे गांव का नाम कोंगथोंग है, जो मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में स्थित है। यह राज्य की राजधानी शिलांग से लगभग 55 से 60 किलोमीटर दूर है। पहाड़ियों और हरियाली के बीच बसा यह गांव अपनी खूबसूरत प्राकृतिक छटा के साथ-साथ एक अनोखी सांस्कृतिक परंपरा के लिए भी जाना जाता है। यहां रहने वाले खासी जनजाति के लोगों ने पीढ़ियों से इस खास पहचान को संभालकर रखा है। कोंगथोंग में लोग एक-दूसरे को बुलाने के लिए केवल सामान्य नाम का इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि एक खास धुन भी बजाते या गाते हैं। यही धुन उनकी पहचान बन जाती है। दूर पहाड़ियों, खेतों और जंगलों के आसपास भी इस तरह सीटी या धुन के जरिए किसी को पुकारा जा सकता है। यही वजह है कि इस जगह की परंपरा को जानने के लिए लोग काफी उत्सुक रहते हैं।

पर्यटन की दुनिया में भी मिली पहचान

कोंगथोंग की यह अनोखी परंपरा अब गांव की सीमाओं से बाहर भी लोगों का ध्यान खींच रही है। भारत में कई ऐसी स्थानीय परंपराएं हैं, जो किसी समुदाय की पहचान और उसके इतिहास को अपने भीतर समेटे हुए हैं। कोंगथोंग इसका अच्छा उदाहरण है, जहां एक मां की बनाई धुन बच्चे की पहचान बन जाती है और फिर पूरा समुदाय उस पहचान को अपनाता है। साल 2021 में कोंगथोंग को भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन की 'बेस्ट टूरिज्म विलेज'पहल के लिए नामांकित गांवों में शामिल किया गया था. इससे इस गांव की अनोखी संस्कृति और ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं को व्यापक पहचान मिली।

6 साल के बच्चे का कमाल! ढूंढ निकाला 20 करोड़ साल पुराना रहस्यमयी जीव

न्यूयार्क। बच्चों का मन बहुत जिज्ञासु होता है और कई बार वो ऐसा कमाल कर देते हैं, जिस पर बड़ों को भी यकीन नहीं होता। ऐसा ही एक मामला अमेरिका के नेब्रास्का से सामने आया है। यहां 6 साल के एक बच्चे ने इतिहास रच दिया है। पार्क में खेलते-खेलते उसे एक बहुत ही दुर्लभ फॉसिल मिला, जिसे वैज्ञानिक मेमथ की हड्डी से भी ज्यादा दुर्लभ बता रहे हैं। ये घटना नेब्रास्का के श्राम पार्क स्टेट रिक्रिएशन एरिया की है। आउटडोर नेब्रास्का के अनुसार, जांच में पता चला कि यह 'कोनुलारिड'नाम के एक बहुत पुराने समुद्री जीव का फॉसिल है। यह जीव आज से करीब 20 करोड़ से 50 करोड़ साल पहले धरती पर रहता था। वैज्ञानिक बताते हैं कि ये जेलीफिश जैसा जीव था, जिसका शरीर उल्टे पिरामिड जैसा होता था।

चेहरे की वर्षों घटायें

चेहरे की झुर्रियां व वर्षों का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

अनुभव की पहचान
24+ वर्षों का सर्जिकल अनुभव
पेट एवं आंतों की बीमारियों के विशेषज्ञ
उपचार हेतु परामर्श।
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

वर्षों की रिसर्च, प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा तैयार जौली तुलसी-51 ड्रॉप्स जो
शरीर को डिटॉक्स (Detox) करे
इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक CLINICALLY TESTED
खास 5 तरह की तुलसियों के अर्क से बहुत ही खास विधि द्वारा तैयार, पूरे परिवार को बिमारियों से सुरक्षित रखने में मदद करे
• पेट गैस
• ज़लन
• बदहज़मी
• गट हैल्थ
• कब्ज़
• मुँह की दुर्गंध
• कील मुहांसे
• झड़ते बाल
• जीभ के छाले
• ध्यान लगाने में परेशानी (ADHD)

JOLLY TULSI 51 Drops
CLINICALLY TESTED IMMUNITY BOOSTER
CONCENTRATED LIQUID EXTRACTS OF 5 TYPES OF RARE TULSI
Safe Ayurvedic Proprietary Medicine
FAT GO
• गले में खराश
• कफ खांसी
• सांस रोग
• एलर्जी
• चर्म रोग
• चक्कर आना
• याददाश्त
• कमज़ोरी
• छाईयां और झुर्रियां
• हाथ पैर सुन्न होना
• जोड़ो के दर्द में सहायक
CLINICALLY TESTED
JOLLY
तुलसी 51 ड्रॉप्स
5-5 बूँदें सुबह शाम, स्वस्थ निरोगी जीवन में मददगार
स्टोर से तुलसी ड्रॉप्स नहीं जौली तुलसी 51 ड्रॉप्स ही मांगें
अच्छे मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध ✆ 98143-30500 JOLLYorganic.com

www.zalimlotion.in

जालिम लोशन
दाद, खाज, खुजली एवं एक्जिमा के लिए उपयोगी
मेडिकल स्टोर से आज ही खरीदें
120/75/4127/09/25/267



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com